www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 12 मई 2022, शुक्ल पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-29 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

जीवन में ज्यादा रिश्ते ज़रूरी नही हैं, पर जो रिश्ते हों उनमें जीवन होना जरूरी है।

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती धमकी देती है या सुझाव देती है यह समझ से परे है। पहले उन्होने धमकी दी थी कि केन्द्र सरकार में दम है तो वह कश्मीर से 370 को खत्म कर के दिखाएं। यहां खून की नदियां बह जाएंगी, कोई तिरंगा उठाने वाला नहीं मिलेगा। जम्मू कश्मीर से 370 खत्म हो गया। किसी ने जूं तक नहीं की। वहां शान से तिरंगा लहरा रहा है। अब महबूबा मुफ्ती ने धमकी दी है कि केन्द्र सरकार में अगर दम है तो वह ताज महल व लाल किले को मंदिर बनाकर दिखाएं। खुदा खैर करे।

सूर्योदय

उदय : 5.32 प्रात:

अस्त : 7.03 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,946,271,690

भारत : 1,405,670,890

बाजार

संसेक्स : 54088.39

निफ्टी : 16167.10

गोल्ड : 51,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 60,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.41 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	42.2	24.5
बिलासपुर	42.6	27.5
जगदलपुर	38.8	25.7
अंबिकापुर	41.1	24.8

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस : अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल 12 मई को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह दिन फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती मनाने के लिए मनाया जाता है। उन्हें लेडी विद द लैंप के नाम से भी जाना जाता था। वह आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक और ब्रिटिश समाज सुधारक और सांख्यिकीविद थीं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को क्रीमियन युद्ध के दौरान तुर्की में नर्सिंग ब्रिटिश और संबद्ध सैनिकों के प्रभार में रखा गया था। वह नर्सिंग शिक्षा को औपचारिक बनाने के लिए लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में (1860 में खोला गया) नाइटिंगेल स्कूल ऑफनर्सिंग की स्थापना के लिए प्रसिद्ध है। वह पहली महिला थीं जिन्हें ऑर्डर ऑफ मेरिट (1907) दिया गया था।

शासन की सभी योजनाएं आम नागरिकों को केंद्र में रखकर बनाई गई : सीएम भूपेश

विधानसभावार दौरे के तहत बुधवार को मुख्यमंत्री सीतापुर विस क्षेत्र के मंगरेलगढ़, राजापुर, सरमना पहुंचे

साकेत गोयल

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चार मई से प्रदेश के विधानसभावार दौरे पर हैं। शुरुआत सरगुजा संभाग से ही हुई है। बुधवार को सीएम सरगुजा जिले के सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के मंगरेलगढ़, राजापुर और सरमना पहुंचे। इस दौरान चौपाल लगाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। वहीं स्कूल, पीडीएस दुकान व अस्पताल समेत अन्य जगहों का निरीक्षण करने भी पहुंचे। इस बीच मुख्यमंत्री ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक अनाथ बालक ने कहा कि मेरा कोई नहीं है... सीतापुर विधानसभा के मंगलैरगढ़ में भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से एक अनाथ बालक ने कहा कि मेरा कोई नहीं है, मेरे माता-पिता का निधन ही चुका है, मैं अकेला हूं। बालक की बात पर संवेदनशीलता दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को तत्काल बालक को छात्रावास में दाखिला दिलाने के निर्देश दिए।

सीएम ने चखा कोइलार भाजी का स्वाद

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजापुर में भोजन करने के लिए राजनाथ एक्का के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री का उनके परिजनों ने पारंपरिक गीत गाकर और स्थानीय फूल-पत्तियों से बना गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने राजनाथ एक्का को शून्य प्रतिशत ब्याज पर 70 हजार रुपए का केसीसी ऋण प्रदान किया। उन्होंने आठ लोगों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने जमीन पर बैठकर भोजन किया। मुख्यमंत्री को थाली में रोटी, चावल, दाल, कोइलार भाजी और आम की चटनी परोसा गया।

राजापुर में की गई घोषणाएं..

- राजापुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला जाएगा।
- राजापुर को उप तहसील का दर्जा दिया जाएगा।
- मांड नदी पर हर्रापार में पुल बनाया जाएगा।
- राजापुर हाईस्कूल में बाउंड्रीवॉल निर्माण की घोषणा।
- राजापुर में ग्रामीण सहकारी बैंक खोला जाएगा।
- पेयजल के लिए नल जल योजना शुरू होगी।
- मैनपाट में स्टेडियम निर्माण की घोषणा।
- समनिया से सिकनिया तक तथा कदनई से समनिया-मैनपाट तक सड़क निर्माण किया जाएगा।

मंगरैलगढ़ में की बड़ी घोषणाएं...

- मंगरैलगढ़ भौंराडांड मांड नदी तक सड़क
- मंगरैलगढ़ मांड नदी पर एनीकट
- मंगरैलगढ़ प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के नए भवन की स्वीकृति
- केरजू में पुलिस चौकी की घोषणा
- सीतापुर में आडिटोरियम की स्वीकृति
- मंगरैलगढ़ में 25 लाख रूपए की लाग को सामुदायिक भवन की स्वीकृति

सरमना में की गई घोषणाएं...

- माड़ नदी भंडार डांड़ में एनीकट बनेगा
- बतौली से करदना तक सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा
- चिरगा मोड़ से NH43 तक सड़क निर्माण होगा
- बतौली को राजस्व अनुभाग बनाने परीक्षण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने पूछा, भीड़ से आवाज आयी

मुख्यमंत्री सरगुजा जिले के मंगरेलगढ़ गांव पहुंचे। जब मुख्यमंत्री ने किसानों से पूछा कि किस-किस का ऋण माफ नहीं हुआ है, कोई किसान है जिसे ऋण माफी का लाभ ना मिला हो? इतना सुनते ही किसान अपने-अपने ऋण माफी की जानकारी मुख्यमंत्री को बताने लगे। सभी किसानों में अपनी ऋण माफी की रकम बताने की होड़ लग गयी। किसानों की खुशी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दो नव विवाहित जोड़ों को दिया विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र

.मुख्यमंत्री ने अम्बिकापुर विश्राम भवन में मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत दो नव विवाहित जोड़ों को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सुखी एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। उन्होंने अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र के निवासी अहनन तिर्की और सजू तिर्की तथा अभिषेक जायसवाल और सपना जायसवाल को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र दिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंगरैलगढ़ी देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के मंगरैलगढ़ ग्राम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां ऐतिहासिक मंगरैलगढ़ी देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में बेल का पौधा भी लगाया। मंगरैलगढ़ राम वनगमन परिपथ से संबंधित है, जहां वनवास के दौरान भगवान श्री राम ने भ्रमण किया था।

पिथौरागढ़ में भूकम्प के मध्यम झटके

देहरादून (वार्ता)। उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ जिले में बुधवार सुबह भूकम्प के मध्यम झटके महसूस किये गये। भूकम्प की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 4.6 मापी गई है। भूकंप का केंद्र डीडीहाट के अस्कोट थाना क्षेत्र में सतह से 05 किमी नीचे, 29.73 उत्तरी अक्षांश और 80.34 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। भूकंप के झटकों से लोगों में खलबली मच गयी। अभी तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। पिथौरागढ़ के सूचना अधिकारी ने बताया कि आज सुबह 10.03 बजे जिले में भूकंप के झटके महसूस होने की सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र के हवाले से बताया कि जिले के समस्त तहसील क्षेत्रों तथा थाना क्षेत्रों में भूकंप से हुई क्षति सम्बन्धी सूचना मांगी गयी, हालांकि कहीं से किसी नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

राजद्रोह कानून पर लगी सुप्रीम रोक

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने राजद्रोह कानून पर बुधवार को रोक लगाने के साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों को भारतीय दंड संहिता(आईपीसी) की धारा 124-ए के तहत प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के आदेश दिये।

मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद अपने अंतरिम आदेश में कहा कि आईपीसी की धारा 124-ए के तहत सभी कार्रवाई स्थगित की जाती हैं।

पीठ ने कहा है कि धारा 124-ए के तहत जेल में निरुद्ध लोग राहत और जमानत के लिए सक्षम अदालतों का रूख कर सकते हैं। पीठ ने केंद्र से राजद्रोह कानून पर पुनर्विचार करने के लिए भी कहा है। पीठ ने स्पष्ट किया कि राजद्रोह कानून पर पुनर्विचार होने तक इस प्रावधान के तहत कोई मामला दर्ज नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की जांच की जायेगी। संबंधित मामले की अगली सुनवाई जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी।

एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, पूर्व मेजर जनरल एस जी वोम्बतकेरे, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, पत्रकार अनिल चमड़िया तथा अन्य ने राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दी है। वरिष्ठ पत्रकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देशद्रोह के केस में बंद हैं 13 हजार लोग

नई दिल्ली। राजद्रोह कानून पर जारी चर्चा के बीच बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने फिलहाल कानून पर रोक लगा दी है। खास बात है कि केंद्र सरकार ने कानून की समीक्षा की बात कही है। शीर्ष न्यायालय का कहना है कि वह कुछ जनहित याचिकाओं के चलते कानून को खत्म नहीं कर सकते, लेकिन समीक्षा पूरी होने तक इसपर रोक लगा सकते हैं।

समीक्षा होने तक दर्ज होते रहेंगे देशद्रोह कानून के तहत मामले, सुप्रीम कोर्ट में बोली केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देशद्रोह कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि इसकी समीक्षा होने तक गंभीर अपराधों में लोगों को इसके तहत आरोपी बनाए जाने से नहीं रोका जा सकता। केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि गंभीर अपराध करने वाले को इसके दायरे से बाहर रखना ठीक नहीं होगा। दरअसल केंद्र सरकार ने मंगलवार को अदालत में इस कानून की समीक्षा की बात कही थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या कानून की समीक्षा होने तक इसे होल्ड रखा जाएगा और नए मामले इसे तहत दर्ज नहीं होंगे? इस पर केंद्र सरकार ने जवाब देते हुए कहा है, 'कानून की समीक्षा होने तक संज्ञेय अपराध के मामलों में देशद्रोह के तहत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस न छोड़ने की लेंगे शपथ एक परिवार में एक टिकट

■ **चिंतन शिविर के लिए सोनिया गांधी की तैयारी**

नई दिल्ली। उदयपुर में होने वाले चिंतन शिविर को लेकर कांग्रेस ने बड़ी तैयारियां हैं। ऐसे दौर में जब पार्टी लगातार हार का सामना कर रही है, तब कांग्रेस की ओर से संगठन से लेकर नैरेटिव तक में कायापलट की तैयारी है। यही नहीं लगातार पलायन कर रहे नेताओं को रोकने के लिए भी कोशिशें तेज की जा सकती हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि चिंतन शिविर में पार्टी की ओर से नेताओं को शपथ भी दिलाई जा सकती है कि वे दल को छोड़कर नहीं जाएंगे। निष्ठा की शपथ लेते हुए लोगों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर ज्योति ने बाधा दौड़ में जीता स्वर्ण

लिमासोल (साइप्रस) (वार्ता)। भारत की ज्योति याराजी ने साइप्रस में चल रही इंटरनेशनल एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर बाधा दौड़ का 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए यहां स्वर्ण पदक हासिल किया। 22 वर्षीय ज्योति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

■ **अंबिकापुर, कोरबा होते हुए रायपुर आएंगे, प्रदेश का सियासी पारा चढ़ा**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्रियों का लगातार दौरा हो रहा है। अब 14 मई को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अंबिकापुर आ रहे है। रेल मंत्री पहले ओडिशा जाएंगे और उसके बाद छत्तीसगढ़ आएंगे। रेल मंत्री के दौरे से छत्तीसगढ़ को कुछ सौगातें भी मिल सकती हैं। छत्तीसगढ़ के सीएम भी अभी सरगुजा संभाग के दौरे पर निकले हैं। उसी क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री के आने से प्रदेश की सियासत गरमा गई है। केंद्रीय मंत्रियों के लगातार छत्तीसगढ़ दौरे को राजनीतिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोहाली पुलिस मुख्यालय मामला लॉन्चर समेत एक आरोपी गिरफ्तार

■ **हमलावरों को पनाह देने का है आरोप**

मोहाली। पंजाब के मोहाली स्थित पुलिस राज्य की खुफिया शाखा पर हुए रॉकेट हमले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान 26 साल के निशान सिंह के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, निशान सिंह तरनतारन जिले का है और उस पर डकैती और फरीदकोट और तरनतारन में आर्म्स एक्ट सहित पांच मामले हैं। आरपीजी हमले से पहले निशान सिंह ने दो आरोपियों को तीन दिन तक अमृतसर में पनाह दी थी। ये हमला पुलिस मुख्यालय की तीसरी मंजिल पर किया गया था।

पंजाब पुलिस ने मंगलवार को हमले में इस्तेमाल किया गया लॉन्चर बरामद कर लिया है। निशान सिंह के अलावा कई संदिग्धों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

न्यायिक प्रतिक्रिया... **हसदेव खनन परियोजना में 4 लाख 50 हजार पेड़ काटे जाएंगे**

ग्रामीणों को हाईकोर्ट का झटका लेकिन सुप्रीम कोर्ट का केंद्र-राज्य सरकार से जवाब तलब

■ **इस क्षेत्र में हाथियों और इंसानों के बीच बढ़ेगा संघर्ष**

रायपुर/नवप्रदेश। हसदेव अरण्य जंगल को खनन परियोजनाओं से बचाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे ग्रामीणों को हाईकोर्ट से झटका लगा है। दरसअल छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बुधवार को भूमि अधिग्रहण को चुनौती देने वाली ग्रामीणों की याचिका खारिज कर दी है। वहीं इससे ही जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड और परसा केते कॉलरीज को नोटिस जारी करके चार हफ्ते में जवाब मांगा है।

अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बुधवार को कोर्ट में इस मामले में पैरवी की। उन्होंने कोर्ट को बताया, हसदेव अरण्य जंगल नो गो एरिया घोषित था। इसमें परसा ईस्ट केते बासन नाम की खदान को जो अनुमति दी गई थी उसको नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 2014 में ही रद्द कर दिया था। ट्रिब्यूनल ने भारतीय वन्यजीव संस्थान और इंडियन काउंसिल ऑफ फारेस्ट्री रिसर्च से इस क्षेत्र में खनन के दुष्प्रभावों का विस्तृत अध्ययन करने को भी कहा था। केन्द्र ने ऐसा अध्ययन कराए बिना ही अन्य खदानों को परमिशन देना जारी रखा।

वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट की अध्ययन रिपोर्ट अब सात साल बाद आई है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि हसदेव के जितने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नो गो एरिया के बाहर बहुत से कोल ब्लॉक-

राजस्थान विद्युत उत्पादन कंपनी और खनन कंपनी के कोयले की जरूरत वाली दलील के जवाब में प्रशांत भूषण ने कहा कि नो गो एरिया के बाहर बहुत से कोल ब्लॉक है जहा पर्याप्त कोयला उपलब्ध है। ऐसे में जैव विविधता से भरपूर एक जंगल में खनन की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। सुनवाई के बाद खण्डपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार से 4 हफ्ते में जवाब देने का निर्देश दिया है। खनन पर स्थगन आदेश जारी करने के आवेदन पर इसके बाद बहस होगी।

भूमि अधिग्रहण मामला भी जाएगा सुप्रीम कोर्ट

परसा कोयला खदान प्रभावित ग्रामीणों ने पिछले साल एक याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की थी। इसमें कहा था कि सरकार ग्राम सभा की सहमति के बगैर जमीनों का अधिग्रहण कर रही है। यह भूमि अधिग्रहण कानून का उल्लंघन है। इसके लिए सरकार कोल बेयरर एक्ट का उपयोग कर रही है जो नए भूमि अधिग्रहण कानून के बाद से प्रभावी नहीं है। ऐसे में भूमि अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया को ही रद्द कर दिया जाए। बुधवार को उच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया। वहीं छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के आलोक शुक्ला ने बताया, हाईकोर्ट का विस्तृत आदेश नहीं मिला है। जैसे ही वह मिलता है उसके अध्ययन के बाद हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

राजस्थान ने दिया अपनी जरूरत का हवाला

केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार आवेदनों पर जवाब दाखिल करना चाहती है इसलिए अभी तुरंत कोई स्टे ना दिया जाए। राजस्थान विद्युत उत्पादन कंपनी और परसा कॉलरीज की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी तथा अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, राजस्थान को बिजली बनाने के लिए कोयले की बहुत ज्यादा जरूरत है।

संपादकीय

पाकिस्तान के बदले सुर

पड़ौसी देश पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर भारत की विदेश नीति की सराहनी की है। वे इसके पहले भी कई बार भारत की विदेश नीति की शान में कसीदे पढ़ चुके है। पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने पहले तो बेसूरा कश्मीर राग अलापा और अब वे फिर भारत के साथ द्विपक्षी संबंधों को मजबूत बनाने और बंद पड़े व्यापारिक संबंधों को फिर से बहाल करने की वकालत कर रहे है। पाकिस्तानी हुक्मरानों के ये बदले हुए सुर यह साबित करते है कि अब उन्हे भारत की बढ़ती ताकत को कबूल करने में कोई हिचक नहीं हो रही है। इसकी वजह साफ है कि भारत से पंगा मोल लेकर पाकिस्तान आज की तारीख में न सिर्फ दुनिया से अलग थलग पड़ चुका बल्कि दिवालिएपन की कगार पर पहुंच गया है। जो हालत आज श्रीलंका की है देर सवेर वैसी ही स्थिति पाकिस्तान में भी निर्मित हो सकती है। जहां महंगाई अपनी चरम सीमा पर पहुंच रही है, लोगों का जीना मुहाल होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में श्रीलंका के लोगों की तरह ही पाकिस्तान की आवाम भी कभी भी सरकार के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंकते हुए सड़कों पर उतर सकती है। पाकिस्तान ने पहले ही अमेरिका से अपने संबंध खराब कर लिए है और उसका नया दोस्त चीन भी अब पाकिस्तान की मदद से अपना हाथ खींचने लगा है। नतीजतन पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराने लगी है। यही वजह है कि पाकिस्तान अब भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को फिर से कायम करने की कवायद कर रहा है और बार बार भारत के साथ बेहतर संबंधों की ख्वाहिश जाहिर कर रहा है, लेकिन भारत को उसपर यकीन नहीं करना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान गले लग कर पीठ में छुरा घोपने की अपनी आदत से बात नहीं आ सकता। अभी पाकिस्तान मुसीबतों से घिरा है इसलिए भारत के साथ संबंध सामान्य बनाने की गुजारिश कर रहा है लेकिन बाद में फिर वह अपनी असली औकात में आ जाएगा। इसलिए भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंध हरगिज शुरू न करें बल्कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत विश्व मंचों पर उसे बेकनाब करें क्योंकि अभी भी वह कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने से बात नहीं आ रहा है और अब तो उसने खालिस्तानियों को भी प्रश्रय देना शुरू कर दिया है। जाहिर है पाक के इरादे नापाक है और उसका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्दाफाश करना भारत के लिए हितकर है।

लघुकथा

श्रीलंका से सबक लें

श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्र राजपक्ष को मजबूरन इस्तीफा देना पड़ गया। उनके छोटे भाई गोटबाया राजपक्ष अभी भी श्रीलंका के राष्ट्रपति पद पर डटे हुए हैं। श्रीलंका में आम-जनता के बीच इतना भयंकर असंतोष फैल गया है कि इस राजपक्ष सरकार को कई बार कर्फ्यू लगाना पड़ गया है। इस राजपक्ष सरकार के मंत्रिमंडल में राजपक्ष-परिवार के लगभग आधा दर्जन सदस्य कुर्सी पर जमे हुए थे। जब आम जनता का गुस्सा बेकाबू हो गया तो मंत्रिमंडल को भंग कर दिया गया। लोगों के दिलों में यह प्रभाव जमाया गया कि राजपक्ष परिवार को कोई पद-लिप्सा नहीं है। राष्ट्रपति गोटबाया ने सारे विपक्षी दलों से निवेदन किया कि वे आएं और मिलकर नई संयुक्त सरकार बनाएं लेकिन विपक्ष के नेता सजित प्रेमदास ने इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया। अब भी राष्ट्रपति का कहना है कि विपक्ष अपना प्रधानमंत्री खुद चुन ले और श्रीलंका को इस भयंकर संकट से बचाने के लिए मिली-जुली सरकार बनाए लेकिन विपक्ष के नेता इस प्रस्ताव पर अमल के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। वे सारे श्रीलंकाइयों से एक ही नारा लगवा रहे हैं- 'गोटा गो' याने राष्ट्रपति भी इस्तीफा दें। श्रीलंका के विपक्षी नेताओं की यह मांग ऊपरी तौर पर स्वाभाविक लगती है लेकिन समझ नहीं आता कि नए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की नियुक्ति क्या चुटकी बजाते ही हो जाएगी? उनका चुनाव होते-होते श्रीलंका की हालत और भी बदतर हो जाएगी। नये राष्ट्रपति और नई सरकार खाली हुए राजकोश को तुरंत कैसे भर सकेगी? श्रीलंका का विपक्ष भी एकजुट नहीं है। स्पष्ट बहुमत के अभाव में वह सरकार कैसे बनाएगा? वह सर्वशक्ति संपन्न राष्ट्रपति को कैसे बर्दाश्त करेगा? यदि श्रीलंका का विपक्ष देशभक्त है तो उसका पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि वह मंहगाई, बेरोजगारी और अराजकता पर काबू करे। गोटबाया सरकार जैसी भी है, फिलहाल उसके साथ सहयोग करके देश को चौपट होने से बचाए। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों से प्रचुर सहायता का अनुरोध करे और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा-कोष से भी आपात् राशि की मांग करे। अभी तो लोग दंगों और हमलों से मर रहे हैं लेकिन जब वे भुखमरी और बेरोजगारी से मरेंगे तो वे किसी भी नेता को नहीं बख्शेंगे, वह चाहे पक्ष का हो या विपक्ष का! श्रीलंका की वर्तमान दुर्दशा से पड़ौसी देशों को महत्वपूर्ण सबक भी मिल रहा है। तमिल आतंकवाद को खत्म करनेवाले महानायक महिंद गोटबाया की प्रतिष्ठा अचानक यदि पैंदे में बैठ सकती है तो पड़ौसी देशों के जो नेता आज लोकप्रियता की लहर पर सवार हैं, उनकी हालत तो और भी बुरी हो सकती है। गोटबाया बंधुओं ने श्रीलंका सरकार को अपनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बना लिया था। उसमें भाई-भतीजे मिलकर मनचाहे फैसले कर लेते थे। श्रीलंका के ज्यादातर पड़ौसी देशों का भी यही हाल है।

जम्मू कश्मीर में खुला चुनाव का रास्ता

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सेना व सुरक्षा बलों के तमाम प्रयासों के बावजूद राज्य में सुरक्षा चुनौतियां बनी हुई हैं। ऐसे में राष्ट्र की मुख्यधारा से राज्य का जुड़ाव प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा राज्य में अनुसूचित जाति की सीटों को बरकरार रखते हुए अनुसूचित जनजाति के लिये नौ सीटों का प्रावधान किया गया है जिसे सामाजिक न्याय की दृष्टि से सकारात्मक पहल कहा जा सकता है। वहीं विस्थापित कश्मीरियों व पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों को प्रतिनिधित्व दिये जाने के प्रस्ताव को एक सार्थक पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। यह भी कि पांच संसदीय सीटों को बरकरार रखते हुए अनंतनाग सीट की भौगोलिक परिधि में बदलाव करके इसमें जम्मू के कुछ इलाकों को शामिल किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित परिसीमन आयोग ने इसको लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी है।

जम्मू-कश्मीर को लेकर परिसीमन आयोग की रिपोर्ट हाल ही में आई है। परिसीमन आयोग की रिपोर्ट के बाद बाद अब जम्मू कश्मीर में चुनाव का रास्ता साफ हुआ है। परिसीमन आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा की सात सीटों की बढ़ोतरी के साथ गुरुवार को परिसीमन से जुड़ी अपनी रिपोर्ट दे दी। परिसीमन आयोग ने अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को सौंपी है। इसके तहत जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की कुल सीटें 83 से बढ़कर 90 हो गई हैं। इनमें से जम्मू क्षेत्र में सीटों की कुल संख्या अब 43 हो गई है। कश्मीर क्षेत्र में कुल 47 सीटें हो गई हैं। दरअसल, 1995 के बाद हुए परिसीमन में वर्ष 2011 की जनगणना को आधार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर में जून 2018 से राष्ट्रपति शासन लागू है। भाजपा ने तब मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार से समर्थन वापस लिया था। मोदी सरकार ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। जम्मू-कश्मीर अब विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश है।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किए जाने और उससे लद्दाख को अलग कर दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद केंद्र सरकार ने नए सिरे से परिसीमन कराने का फैसला लिया था। इसको लेकर मार्च 2020 में जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त और जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को इसका सदस्य बनाया गया। जम्मू-कश्मीर के सभी लोकसभा सदस्यों को भी इसमें शामिल किया गया। आयोग ने इन सदस्यों के साथ जम्मू-कश्मीर का दौरा कर स्थानीय लोगों से भी सुझाव लिए। इस दौरान आयोग को 1,600 से अधिक सुझाव मिले थे।

केंद्र सरकार कहती रही है कि परिसीमन आयोग की रिपोर्ट आने के बाद से राज्य में चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि, परिसीमन को विपक्षी दल भाजपा पर राजनीतिक लाभ उठाने की कवायद बता रहे हैं। वे भाजपा के प्रभुत्व वाले जम्मू को बढ़त देने की बात कह रहे हैं। बहरहाल, अब राज्य की विधानसभा बहाल हो सकेगी। साथ ही लद्दाख के

केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने के बाद कम हुई सीटों की भरपाई नये परिसीमन से होगी।

परिसीमन आयोग की रिपोर्ट से बड़ा बदलाव यह है कि जम्मू संभाग में विधानसभा सीटों की संख्या 37 से बढ़कर 43 हो गई हैं, जबकि कश्मीर के लिये एक विधानसभा सीट बढ़ाई गई है। अब नई विधानसभा की नब्बे सीटों में कश्मीर संभाग की सीटों की संख्या 47 होगी। निस्संदेह, कश्मीर की बढ़त तो कायम रहेगी, लेकिन बढ़त का यह अंतर पहले से कम हो जायेगा। वहीं कश्मीरी पंडितों व पाक अधिकृत कश्मीर के विस्थापितों को भी प्रतिनिधित्व दिये जाने की बात कही जा रही है। निस्संदेह, नये बदलावों के गहरे निहितार्थ हैं। कहा जा रहा है कि जम्मू संभाग में पहले से मजबूत भाजपा और मजबूत होकर उभरेगी।

लद्दाख के अलग होने के बाद जम्मू-कश्मीर की बची पांच लोकसभा सीटों का परिसीमन आयोग ने नए सिरे से पुनर्गठन किया है। इसके तहत सभी लोकसभा सीटों का भौगोलिक क्षेत्र बदला गया है। इन पांच सीटों में से दो-दो सीटें जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में रखी गई हैं। अनंतनाग सीट का गठन इस तरह किया गया है कि इसका आधा हिस्सा जम्मू और आधा हिस्सा कश्मीर में रहेगा। पांचों लोकसभा सीटों में प्रत्येक में विधानसभा की 18-18 सीटें रखी गई हैं। आयोग के मुताबिक परिसीमन में जनसंख्या के साथ ही भौगोलिक, सामाजिक तानेबाने और प्रशासनिक जुड़ाव को भी ध्यान में रखा गया है।

पहली बार अनुसूचित जनजातियों के लिए 9 सीटें आरक्षित की गई हैं, इनमें से 6 सीटें जम्मू और तीन सीटें कश्मीर के लिए निर्धारित हैं। पहली बार कश्मीरी पंडितों के लिए 2 सीटें रिजर्व करने की सिफारिश की गई है। वहीं च्वज्ञ के विस्थापित शरणार्थियों के लिए भी कुछ सीटें आरक्षित करने की सिफारिश की गई है। परिसीमन में कई विधानसभा सीटों के नाम बदलने की सिफारिश है। रियासी जिले में गूल-अरनास निर्वाचन क्षेत्र को नई सीट श्री माता वैष्णोदेवी के रूप में नया रूप दिया गया है। जम्मू क्षेत्र में पद्दर विधानसभा सीट का नाम बदलकर पद्दर-नागसेनी, कठुआ उत्तर को जसरोटा, कठुआ दक्षिण को कठुआ, खौर को छांब, महोरे को गुलाबगढ़, तंगमर्ग को गुलमर्ग, जूनीमार को जैदीबाल, सोनार को लाल चैक और दरहल का नाम बुढ़हल किया गया है। जम्मू-कश्मीर में 1995 में आखिरी परिसीमन के बाद से वहां जिलों की संख्या 12 से बढ़कर 20 हो चुकी है।

परिसीमन आयोग ने जिन बदलावों का सुझाव दिया है, उनका बीजेपी को छोड़कर घाटी की बाकी पार्टियां विरोध कर रही हैं। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सवाल उठाया है कि जब पूरे देश के बाकी निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर 2026 तक रोक लगी है, तो फिर जम्मू-कश्मीर के लिए अलग से परिसीमन क्यों हो रहा है। दरअसल, पूरे देश में परिसीमन की प्रक्रिया पर 2026 तक रोक लगी है और केवल जम्मू-कश्मीर में ही विधानसभा क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण हो रहा है।

जम्मू-कश्मीर के परिसीमन के विरोध की दूसरी वजह राजनीतिक है। दरअसल, राजनीतिक पार्टियां जनसंख्या के लिहाज से ज्यादा आबादी वाले मुस्लिम बहुल कश्मीर में कम सीटें बढ़ाने और हिंदू बहुल जम्मू में ज्यादा सीटें बढ़ाने के कदम की आलोचना कर रही हैं। दरअसल, विपक्षी दलों की आलोचना का एक पक्ष यह भी है कि जनसंख्या की दृष्टि से बड़े कश्मीर संभाग को कम प्रतिनिधित्व दिया गया है। वहीं राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि इससे घाटी की सियासत में बदलाव आयेगा। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि परिसीमन आयोग ने दोनों संभागों को एक इकाई के रूप में देखा है। आयोग ने जनसंख्या के बजाय विभिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति, इलाके की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तथा पाक सीमा से लगे इलाकों की संवेदनशीलता को तरजीह दी है।

नर्सिंग डेः समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

योगेश कुमार गोयल

वर्ष 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब नायिका के तौर पर उभरी फ्लोरेंस के बारे में अखबारों में बहुत कुछ छपा और उसके बाद उनका नाम 'लेडी विद द लैंप' काफी प्रसिद्ध हो गया। स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया था। सितम्बर 1856 में रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई, जिसके बाद उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। फ्लोरेंस के प्रयासों से वर्ष 1860 में लंदन के सेंट थॉमस हॉस्पिटल में 'नाइटिंगेल ट्रेनिंग स्कूल फॉर नर्सेज' खोला गया।

कोरोना काल में दुनियाभर में लाखों लोगों की मौत हुई लेकिन करोड़ों लोगों के प्राण बचाने में भी सफलता मिली और इसका श्रेय जाता है नर्सिंग कर्मियों को, जो स्वयं के संक्रमित होने के खतरे के बावजूद अपनी जान की परवाह किए बिना ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाने में जुटे रहे। 12 मई को मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर इन तमाम नर्सों के इसी योगदान को नमन करना जरूरी है। यह दिवस दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्हें 'आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता' माना जाता हैं। 'लेडी विद द लैंप' (दीपक वाली महिला) के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म आज से ठीक 202 वर्ष पूर्व 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस कहती थी कि रोगी का बुद्धिमान और मानवीय प्रबंधन ही संक्रमण के खिलाफ सबसे अच्छा बचाव है।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म इटली में रह रहे एक समृद्ध और उच्चवर्गीय ब्रिटिश परिवार में हुआ था लेकिन वह इंग्लैंड में पली-बढ़ी। वह एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की। 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। 1837 में नाइटिंगेल परिवार अपनी बेटियों को यूरोप के सफर पर लेकर गया, जो उस समय बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के लिए जरूरी माना जाता था। उसी सफर के दौरान फ्लोरेंस ने माता-पिता से कहा था कि ईश्वर ने उसे मानवता की सेवा का आदेश दिया है लेकिन यह नहीं बताया कि सेवा किस तरह से करनी है। यह सुनकर माता-पिता बेहद परेशान हो गए थे। फ्लोरेंस ने माता-पिता को बताया कि वह एक ऐसी नर्स बनना चाहती है, जो अपने मरीजों की अच्छी तरह सेवा और देखभाल कर सके। इस

पर माता-पिता बेहद नाराज हुए थे क्योंकि विक्टोरिया काल में ब्रिटेन में अमीर घरानों की महिलाएं कोई काम नहीं करती थी। उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए भी माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा बिल्कुल सही नहीं है। वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। परिवार के पुरजोर विरोध और गुस्से के बाद भी फ्लोरेंस अपनी जिद पर अड़ गई और वर्ष 1845 में अभावग्रस्त लोगों की सेवा का प्रण लिया। वर्ष 1849 में उन्होंने शादी करने का प्रस्ताव भी ठुकरा दिया और परिजनों से दृढ़तापूर्वक कहा कि वह ईश्वर के आदेश का पालन करेगी तथा एक नर्स ही बनेगी। वर्ष 1850 में उन्होंने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। वर्ष 1853 में उन्होंने लंदन में महिलाओं के लिए एक अस्पताल 'इंस्टीच्यूट फॉर द केयर ऑफ सिंक जेंटलवुमेन' खोला, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के लिए बहुत सारी बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराई और नर्सों के लिए कार्य करने की स्थिति में भी सुधार किया।

नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार उनका अहम योगदान वर्ष 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रहें दूर सबसे ही

रहें दूर सबसे ही गम मेरे मौला करम मेरे मौला रहम मेरे मौला सुना हर गुनाहों को तू बख़्श देता यही आए सुनकर के हम मेरे मौला जहाँ सारा छोड़ा ये तेरे भरोसे मुझे रख ले अपने हरम मेरे मौला भटकते भटकते यूँ ही दर बदर में गये बीत कितने जनम मेरे मौला करा देना दीदार हम काफिरों को निकले से पहले ये दम मेरे मौला।

- लक्ष्मी माहोर

सुनो आज फिर उसी

सुनो आज फिर उसी क़िताब को पढ़ा है मैंने जिसपर कभी तुमने अपना नाम लिखा था तुम्हारे नाम के कुछ अक्षरों में मेरा भी नाम है उन अक्षरों पर आज ओवर राइटिंग की है तुम बहुत याद जो आये हो आज सुनो दोबारा क़िताब पढ़ना क्या यादों को जीतने देगा या डुबो देगा उस समुंदर में जिसे कभी तैरकर पार किया था मैंने। **- शुचि 'भवि'**

खास पाती

उस डाल से पूछो कोई हाल

उस डाल से पूछो कोई हाल उसका जिस का फूल पतझड़ में नहीं भरे वसंत में टूटकर बिखर गया है उदास है डाल जड़ें भी उदास हैं उस दरख्त की जिसका हिस्सा था वह फूल कभी फूल जानता भी था खुशबू बिखेरनाखिला भी था पूरी ताकत सेआकाश कुसुम की भांतिआंगन के सीने परखड़े दरख्त की नाज़ुक शाख पर झंझावत कहां से घुस आया घर के कोनों तक जिसने नहीं देखी सकारात्मकता उस फूल की जिसका पराग मचल रहा था मधुमक्खियों तितलियों और भंवरों की स्वादेंद्रियों को तृप्त करने के लिए फूल की भाषा भी कोमल और सुसंस्कृत थी फिर क्यों न सुनी गई प्रार्थनाएं मंत्रों के श्रोताओं से डाली पर फूल के स्थान पर कसक रहा है वक्त का नीला निशान एक मद्धिम सी लौ यादों की अब टिमटिमाती रहती है शाख के सीने में। **- कल्पना मनोरमा**

माता तेरी गोद में पलते बच्चे चार

माता तेरी गोद में पलते बच्चे चार तुझसे किन्तु करें नहीं , तेरे जैसा प्यार। तेरे जैसा प्यार , नहीं क्यों इनके मन में । भूल गए संस्कार, दिया था जो बचपन में । बिना काम संसार , पूजता नहीं विधाता। तुम मेरी आराध्य, नित्य पग वंदन माता।।

- अंजली यादव

हमारे शहर बारिश बादलों का आना

हमारे शहर बारिश बादलों का आना अच्छा लगता है उस पर लिखना और भी अच्छा मैंने लिखी है एक अर्जी आज के नाम और उसे उड़ा दिया आसमाँ के तरफ टकरायेंगी आज शाम तुम्हारे शहर के बादलों से और तुम्हे ..उस बूंदा बांदी में मेरे साथ भीगने का वही ..मीठा मीठा अहसास होगा। **- पुष्पा त्रिपाठी**

राज्यों के पुलिस को मुम्बई पुलिस

राज्यों के पुलिस को मुम्बई पुलिस का ताजा उदाहरण देखना चाहिए कि मंत्री के कहने पर चलने का क्या हश्र होता है परंवीर सिंह अदालत के दया पर बाहर है ,सचिन वाजे अंदर है उसका भविष्य समाप्त है ,पूर्व मंत्री अनिल देशमुख अंदर है ,नबाब मलिक अंदर है।- **अरूण कुमार गुप्ता**

जब भी तुम पास होती हो तो

जब भी तुम पास होती हो तो एक ठहराव सा होता हैं जब भी तुम दुर होती हो तो मन विचलित सा होता हैं तुम्हारे दुख में मन दुखी सा होता हैं मन तुम अंग नहीं हो पर फिर भी संग तो हो ही यू तो बहुतों उतार चढ़ाव हैं हमारे मन के आंगन में तुम संग हो तो हर तंग को पार कर जाऊँगा। **- सोनू कुमार आकाश**

पत्थर की शिला अहंकार है आकाश

पत्थर की शिला अहंकार है आकाश अहंकार मुक्त , पत्थर में जडत्व है एकाकी पन है शोक है आकाश अनन्त है जिसने सभी को समाहित कर लिया है शून्य होकर भी वह आनन्द मग्न है समस्त तत्व उसमें होकर भी उसमें नहीं हैं सभी को वह पृथक पृथक देख सकता है बस ऐसा ही स्वरुप मेरा भी बना दो। हमेशा के लिए मुस्कान जो सभी को आकृष्ट करेगी मुस्कान फैलाने के लिए।

-नवीन शंकर शर्मा

बंदरों के हाथ में अब उस्तरे मत दीजिए

बंदरों के हाथ में अब उस्तरे मत दीजिए भेड़ियो और शासकों में फ़र्क़ कुछ तो कीजिए देश के टुकड़े करा सकता है लालच बेतुका मुफ़्त बिजली और पानी का न वादा पीजिए। **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

QUIZ TIME

1) संयुक्त राष्ट्र संघ का एक मात्र अंग कौन-सा है जिसमें सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते है?

2) भारत किस शहर में फिडे शतरंज ओलम्पियाड 2022 की मेजबानी करेगा?

3) उस मालवाहक पोत का नाम बताइए जो ब्रह्मपुत्र नदी पर जाने वाला अब तक का सबसे लम्बा पोत बन गया है?

4) भारत के आजादी का अमृत महोत्सव उत्सव के एक भाग के रूप में, भारतीय दूतावास द्वारा किस देश में महात्मा गाँधी ग्रीन त्रिभुज का उद्घाटन किया गया?

5) कैटलिन नोवाक को किस देश की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में चुना गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) महासभा (2) चेन्नई (3) एमवी राम प्रसाद बिस्मिल (4) मेडागास्कर (5) हंगरी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1459: राव जोधा ने जोधपुर की स्थापना की। 1666: पुरंदर की संधि के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे। 1784: पैरिस समझौता प्रभावी हुआ। 1847: विलियम क्लेटन ने ओडोमीटर का आविष्कार किया। 1915: क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा। 1965: इजरायल और पश्चिम जर्मनी ने राजनयिक संबंध शुरू करने के लिए पत्रों का आदान प्रदान किया। 1993: हिन्दी के जाने माने कवि शमशेर बहादुर सिंह का निधन। 2002: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर फिदेल कास्त्रो के साथ बातचीत करने के लिए पांच दिन की यात्रा पर क्यूबा पहुंचे। कास्त्रो की 1959 क्रांति के बाद से क्यूबा की यात्रा करने वाले कार्टर अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने। 2008: चीन के सिचुआन में भूकंप से 87 हजार से अधिक लोगों की मौत, 3,74,643 लोग घायल हुए। 2008: जजों की बहाली के मामले पर कोई सहमति न बन पाने के कारण पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ने साझा सरकार से हटने का फैसला किया। 2010: लीबिया में त्रिपोली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट अफ्रीकिया एयरवेज का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 104 लोगों में से 103 लोगों की मौत। 2015: नेपाल में भूकंप से 218 लोगों की मौत और 3500 से अधिक घायल। 2017: दुनियाभर में 4000 से कम्प्यूटरों पर एक रैनसमवेयर ने हमला किया।

पुलिस पेट्रोल पंप में हथियार लेकर युवकों ने मचाया हंगामा, दो गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। ईदगाह चौक स्थित पुलिस पेट्रोल पंप में दो युवकों ने फरसा और चाकू लेकर हंगामा मचा दिया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सोमवार की रात सिरगिट्टी क्षेत्र के गणेश नगर निवासी नूर मोहम्मद और अब्दुल ताहिर पुलिस पेट्रोल पंप गए थे। दोनों लाइन में लगे थे। इस दौरान वे कर्मचारियों को जल्दी पेट्रोल देने के लिए कहने लगे। लाइन से पेट्रोल देने की बात कहने पर युवकों ने गाली-गलौज करते हुए फरसा और चाकू निकालकर पेट्रोलपंप कर्मी को मारने के लिए दौड़ाया।

ट्रैफिक व्यवस्था व अपराधियों पर नजर रखने लगाए कैमरे हो गए हैं आड़े-तिरछे

■ घटना होने पर पुलिस को जांच में नहीं मिलता कोई लाभ, देखरेख पर नहीं दिख जा रहा ध्यान

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और अपराधियों पर नजर रखने के लिए चौक-चौराहों पर लगाए गए कैमरे आड़े-तिरछे हो गए हैं। इसके कारण अपराधों व हादसों की जांच में पुलिस को कैमरों से सहयोग नहीं मिल पाता है। इसके अलावा इन कैमरों से भीड़ पर भी नजर नहीं रखी जा रही है। शहर के पांच प्रमुख-चौराहों पर ही कैमरे लगे हैं। इनकी भी पुलिस देखरेख नहीं कर पा रही है। ऐसे में जाम से शहरवासी हलकान रहते हैं पर व्यवस्था सुधारने को पुलिस समय पर नहीं पहुंच पाती। यही हाल आपराधिक घटनाओं के समय होता है। शहर में भीड़ पर नजर रखने के लिए नगर निगम की ओर से सत्यम चौक, नेहरू चौक, मानसरोवर चौक, महाराणा प्रताप चौक और मंगला चौक में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया गया है। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी पुलिस को सौंपी

गई। अब देखरेख नहीं होने के कारण चौक-चौराहों पर लगे कैमरे आड़े-तिरछे हो गए हैं। नेहरू चौक समेत कुछ जगह खराबी आने पर कैमरे निकाले भी जा चुके हैं। इसके कारण आपराधिक घटना के बाद भी पुलिस को कैमरों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण बेखौफअपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी से भाग निकलते हैं। बीते दिनों शहर के गोंड़पारा में ज्वेलरी शाप में लूट के बाद एक आरोपित को लोगों ने ही पकड़ लिया था। एक आरोपित फरार होने में कामयाब हो गया। शहर के चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे होने पर आरोपित को पकड़ने में पुलिस को सहायता मिलती।

ये हैं जिम्मेदार

शहर के नेहरू चौक, सत्यम चौक, महाराणा प्रताप चौक, मंगला चौक और महामाया चौक पर नगर निगम की ओर से कैमरे लगवाकर पुलिस विभाग के हवाले किया गया है। कंट्रोल रूम से इसकी निगरानी की जाती है। पुलिस विभाग के पास कैमरों के लिए अतिरिक्त बजट नहीं होने से देखरेख नहीं की जा रही है। एएसपी उमेश कश्यप ने बताया कि बीते दिनों प्रमुख चौक-चौराहों के कैमरों को सुधरवाया गया था। इसके अलावा निजी संस्थानों की मदद से भी कई जगहों पर कैमरे लगवाए गए हैं।

सड़क दुर्घटना में घायल को लोगों ने अस्पताल में किया भर्ती

बिलासपुर/नवप्रदेश। सत्यम चौक के पास सड़क दुघर्टना घायल फाइनेंसर को लोगों ने अस्पताल में भर्ती करा दिया। इधर चोरों ने घटनास्थल से उनकी बाइक पार कर दी। उपचार के बाद फाइनेंसर अपनी बाइक लेने के लिए पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। सरकंडा के बंधवापारा गीता पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले आशीष सोनी निजी बैंक में फाइनेंसर हैं। सोमवार की रात ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। रात नौ बजे सत्यम चौक के पास उनकी बाइक के सामने मवेशी आ गए। इस पर फाइनेंसर ने ब्रेक लगाया। ब्रेक लगाने से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क में गिर गई। दुर्घटना में चोट आने के कारण फाइनेंसर बेहोश हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को देकर घायल को अस्पताल भेज दिया। मंगलवार की सुबह होश में आने पर वे अपनी बाइक की तलाश में सत्यम चौक पहुंचे। वहां पर उनकी बाइक नहीं थी। आसपास में तलाश के बाद उन्होंने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है।

मेडिकल संचालक पर बलात्कार का आरोप, पुलिस ने किया गिरफ्तार

सुकमा/नवप्रदेश। जिले मुख्यालय के वार्ड क्रमांक -9 के निवासी व मेडिकल क्लीनिक संचालक सुखदेव सिंह गुराया को पुलिस ने एक महिला से बलात्कार करने के आरोप की शिकायत पर बुधवार सुबह गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश की रहने वाली पीड़ित महिला व उसके पति ने मंगलवार शाम सुकमा पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज की। शिकायत में पीड़िता ने बताया की जब वह नाबालिग थी उस दौरान आरोपी ने बहला फुसलाकर शारीरिक शोषण किया। उक्त शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया। भादवि धारा 376 में पंजीबद्ध कर पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी को न्यायलय में पेश कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

कानूनी कार्रवाई जारी

इस मामले में सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने कहां की मंगलवार की शाम को एक महिला द्वारा दैहिक शोषण का मामला कोतवाली सुकमा के संज्ञान में पीड़िता द्वारा लाया गया। मामले की गंभीरता को ध्यान में रख सुकमा पुलिस द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। मामले में सूक्ष्म जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आईटीआई कोनी में कैम्पस का आयोजन 18 मई को

बिलासपुर/नवप्रदेश। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी में 18 मई 2022 को विभिन्न व्यवसायों के लिए कैम्पस का आयोजन किया जा रहा है।

कैम्पस में प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाईल), फिटर, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रिशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, टर्नर, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल के वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18 से 23 वर्ष के मध्य है, 10 वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं आईटीआई में न्यूनतम 60 प्रतिशत है। वे 18 मई को सुबह 10 बजे 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पेन कार्ड, आधार कार्ड की मूल एवं दो छायाप्रति, वर्तमान पासपोर्ट फोटो की 3 प्रति के साथ उपस्थित हो सकते है।

चाचा की हत्या करने वाला आरोपी भतीजा गिरफ्तार

झाड़-फूंक देवारी कराने की बात को लेकर रामवृक्ष को थी आपत्ति

सूरजपुर/नवप्रदेश।। चाचा की हत्या करने वाले आरोपी भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को ग्राम नरोला चौकी रेवटी निवासी प्रेमसाय सिंह ने चौकी में सूचना दी कि 10 मई की रात्रि में इसके पिता रामवृक्ष घर के सामने पंडाल में सोए थे। रात्रि करीब 11 बजे देव प्रकाश वहां आया और सोते हुए में फावड़ा से प्रहार करके उसके पिता रामवृक्ष की हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव पंचनामा करने के उपरान्त धारा 302 भादस का मामला पंजीबद्ध किया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी रेवटी की पुलिस ने आरोपी देवप्रकाश पिता रामजीत सिंह को उसके गांव से घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि घर में झाड़-फूंक देवारी कराने की बात को लेकर रामवृक्ष को आपत्ति थी इसीलिए फावड़ा से हत्या कर दी। कार्यवाही में चौकी प्रभारी रेवटी के.डी.बनर्जी, केश्वर मरावी, रामकुमार पैंकरा, अनिरूद पैंकरा, शैलू सिंह, शक्ति इलेवन एक्का व बलिन्दर खलखो सक्रिय रहे।

कलेक्टर ने ली बैठक, सभी गोठानों में गोबर खरीदी करने के दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिले में आकस्मिक दौरे को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डा. सारांश मित्तर ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जमीनी स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सरकारी कामकाज की समीक्षा के लिए जिलों का दौरा कर रहे हैं। कलेक्टर ने मैदानी अमले की मुख्यालयों में नियमित उपस्थिति, राशन दुकानों का बेहतर संचालन, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालयों की व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्रों में सभी सुविधाएं, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर का संचालन सहित शासकीय कामकाज में कसावट लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी गौठानों में गोबर खरीदी का कार्य सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने गौठानों में बोरवेल कराने, पंप लगाने, गोबर खरीदी, वर्मी टैंक बनाने, वर्मी कम्पोस्ट बनाने, शेड निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट का उठाव करने तथा नियमित भुगतान कराने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के पूर्व अपने ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर समस्या से रूबरू होने के साथ ही समाधान करना सुनिश्चित करें।

योजनाओं के क्रियान्वयन समीक्षा

महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति एवं आमजनता को मिल रहे लाभ की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लोगों की मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डा. मित्तर ने कहा कि किसी भी स्थिति में आम नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं से न जूझना पड़े। जल जीवन मिशन के कार्यों की स्थिति की अद्यतन जानकारी भी अधिकारियों से ली। उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों मे आयोजित शिविर की प्रशंसा की।

जपं स्थायी शिक्षा समिति की हुई बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद पंचायत मुंगेली के स्थायी शिक्षा समिति की बैठक सभापति व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पवन पांडेय की अध्यक्षता में हुई जिसमें 254 पेंशन हितग्राहियों का प्रकरण अनुमोदित कर समाज कल्याण विभाग भेजा गया साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता के तहत 5 हितग्राहियों को परिवार सहायता राशि 20000/- प्रति हितग्राहियों को प्रदान करने का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य डॉ. शिव बंजारा, जानकी रामचंद्र साहू, जानकी रामकुमार साहू, बीईओ प्रतिभा मंडलोई उपस्थित रहे

कलेक्टर ने स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं का लिया जायजा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नगर में सिंधी कॉलोनी, गौरव पथ, पड़ाव चौक, दाऊपारा आदि का भ्रमण कर स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से साफ-सफाई, बिजली, सड़क, पेयजल, नाली सहित यातायात व्यवस्था आदि की जानकारी ली तत्पश्चात कलेक्टर डॉ. सिंह ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित जिला वैक्सीन भंडार कक्ष एवं ब्लॉक वैक्सीन भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया और परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

सियान जतन क्लीनिक आज से शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रशान्त ठाकुर ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय मुंगेली और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी में सियान जतन क्लीनिक योजना आज 12 मई से प्रारंभ किया जा रहा है। जहां जिला आयुष विभाग मुंगेली एवं जिला चिकित्सालय मुंगेली के संयुक्त तत्वाधान में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का चिकित्सकीय जांच, परामर्श, पैथोलॉजी जांच कर आयुर्वेदिक एवं हाम्योपैथी की दवाई निःशुल्क दी जाएगी।
जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रशान्त ठाकुर ने 60 वर्ष से अधिक उम्र के अधिक से अधिक लोगों को सियान जतन क्लिनिक योजना का लाभ लेने का आग्रह किया है।

नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता के लिए त्वरित रूप से पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन मुख्यमंत्री कार्यालय, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन, पीजी पोर्टल, आयुक्त कार्यालय से प्राप्त आवेदन पत्रों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों की भी जानकारी प्राप्त की और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों को यथाशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए।

यथा शीघ्र करें निराकृत

बैठक में उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों की भी जानकारी प्राप्त की और लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों को यथाशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन, पेंशन, विद्युत, मनरेगा मजदूरी भुगतान, कार्यालय में हल्का पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की और इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में आमलोगों की मांगों और समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित निराकरण के लिए कलक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 108 को जनदर्शन कक्ष बनाया गया है। इसी कक्ष में प्रतिदिन (अवकाश को छोड़कर) आम लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों और समस्याओं को सुनी जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर ने दूर दराज से पहुंचे अनेक ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी मांगों और समस्याओं को सुनी। ग्रामीणों की मांगों व समस्याओं के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्रों को गंभीरता से लिया और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे लोरमी विकासखण्ड के ग्राम केशरूवाडीह-मौंहाभाठा के पिल्लूराम साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी एवं अन्य सुविधाओं के लिए खुड़िया बांध से पानी छोड़ने पर कलेक्टर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसी तरह विकासखण्ड लोरमी के ग्राम कुसुमकुण्डा के ग्रामीण गौकरण ने ऑनलाईन रिकार्ड में भूमि का रकबा कम होने पर त्रुटि सुधार करवाने की मांग की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने इसे गंभीरता से लिया और जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिया।
इसी प्रकार अन्य आवेदकों ने भी अपनी मांगों ओर समस्याओं के संबंध में आवेदन पत्र दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही।

कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनी

कलेक्टर ने दूर दराज से पहुंचे अनेक ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी मांगों और समस्याओं को सुनी। ग्रामीणों की मांगों व समस्याओं के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्रों को गंभीरता से लिया और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए

नैला व चांपा रेल्वे स्टेशन की पार्किंग में खड़े संदिग्ध वाहनों पर कार्रवाई

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। नैला व चांपा रेल्वे स्टेशन के पार्किंग स्टैंड में खड़े संदिग्ध 7 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जब्ती बनाई गई है। साथ ही वाहन मालिकों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जा रही है। नए एसपी के पदभार ग्रहण करते हुए यातायात पुलिस अब एक्शन मोड़ में आ गई है। इसी के तहत 9 मई को शहर में हो रही दुपाहिया वाहनों की चोरी के मद्देनजर जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत् नैला रेल्वे स्टेशन के पार्किंग स्टैंड में खड़े 7 संदिग्ध वाहनों को जप्त कर दुपहिया वाहन पर विधिवत कार्यवाही कर चौकी नैला में सुरक्षार्थ रखकर वाहन स्वामी के बारे मे पता किया जा रहा है।

बजरंग अकेडमी बरतोरी का शुभारंभ

बिल्हा/नवप्रदेश। युवा वर्ग के लिए एक नई पहल किया गया जिसमें आर्मी, नेवी, सीजी पुलिस जैसे मार्गदर्शन के रुप मे अकेडमी का शुभारंभ किया गया है। सभी प्रकार से युवाओं को दक्ष किया जा सके ऐसा निर्णय रामावतार यादव, नीरज वर्मा ने एक सार्थक पहल किया। जिसका विधिवत शुभारंभ किया गया जिसमें मेजर मिथलेश यादव, सूरज यादव वायु सेना के जवान, डॉ. लक्ष्मण यादव सभापति प्रतिनिधि जनपद पंचायत बिल्हा, विद्याशंकर यादव सरपंच प्रतिनिधि, इन्द्रकांत सौलखे, नरेश जायसवाल मीडिया प्रभारी भाजपा युवा मोर्चा, दिनेश कोशले, लक्ष्मी, लोकेंद्र, सुरेंद्र मौजूद रहे। डॉ. लक्ष्मण यादव ने बताया की यह अकेडमी से सभी युवाओं को एक गाइड मिलेगा और उन्होंने बताया कि उनके घर से चार लोग मां भारती के सेवा दे रहे हैं यह गौरव की बात है कि उसी के घर के छोटे भाई रामावतार यादव जो इस अकेडमी को संचालित कर रहे हैं।

कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर अधिक से अधिक लोगों लाभान्वित करने के दिए निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव के संबंध में जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामों का भ्रमण कर गर्भवती माताओं को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामवार गर्भवती माताओं का चिन्हांकन करने और समय-समय पर दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं पेयजल, बैठक व्यवस्था, मानव संसाधन, शौचालय, दवाईयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरण, चिकित्सकों की उपस्थिति, बिजली आदि के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित शेड्यूल अनुसार समय के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को मुख्यमंत्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से ही दवाईयों का क्रय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की उपस्थिति, ओपीडी में उपचारित मरीजों की संख्या की जानकारी प्रतिदिन प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों का निःशुल्क इलाज एवं उपचार के लिए प्रत्येक माह के पहले गुरुवार को संचालित सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या की जानकारी ली और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

तेज रफ्तार कार पलटी तीन युवक घायल

सक्ती/नवप्रदेश। दमाऊ धारा रोड में तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होने से सक्ती से अपने गांव मोहगांव जा रहे तीन युवक घायल हो गए। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कार में रमेश साहू, अरूण साहू तथा सुनील साहू सवार थे। कार की रफ्तार तेज थी की वह अनियंत्रित होकर जुनवानी तथा पतेरापाली गांव के मध्य में खंभे में ठोकर मारते हुए खेत में जा गिरे जिससे कार में सवार उक्त तीनों व्यक्तियों को चोट लगी है। घायलों को आसपास के लोगों की मदद से सक्ती स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां एक व्यक्ति रमेश साहू की स्थिति खराब देखते हुए आगे इलाज के लिए रायगढ़ रिफर किया गया है।

कलेक्टर ने ली जिला कर्मचारी संगठन परामर्शदात्री समिति की बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने जिला कर्मचारी संगठन परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। जिला संगठन परामर्शदात्री समिति के पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित करने पर कलेक्टर डॉ. सिंह को अपनी बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सिंह ने प्रत्येक संगठन के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात् कलेक्टर डॉ. सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में मान्यता प्राप्त प्रत्येक संगठन के पदाधिकारियों से उनकी मांगों और समस्याओं के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा उनके समस्याओं को समय सीमा पर निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा

कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगामी माह जिले का प्रवास संभावित है। इसे देखते हुए उन्होंने सभी संगठन के पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। इसी तारतम्य में उन्होंने कार्यालयों की साफ-सफाई पर भी चर्चा की और कार्यालयों को स्वच्छ और साफ रखने की बात कही।

रात्रि घर घुसकर चोरी का प्रयास

आरोपी को थाना जैजैपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। रात्रि के समय चोरी की नियत से रात्रि घर घुसकर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। वहीं आरोपी को जेल दाखिल कर दिया है। मामला जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम तुषार का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 मई को प्रार्थी महादेव बघेल निवासी तुषार थाना जैजैपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि रात्रि 3 बजे आरोपी कन्हैया महंत उम्र 22 वर्ष साकिन तुषार चोरी करने की नियत से घुसा था। परिवार वालों के जग जाने से आरोपी फरार हो गया कि रिपोर्ट पर धारा 457,511 भादवि. पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित कर लगातार पतासाजी की जा रही थी। मंगलवार 10 मई को आरोपी कन्हैया दास महंत को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरिके से पुछताछ करने पर चोरी के नियत से प्रार्थी के घर रात्रि में घुसना स्वीकार किया आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबुत पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

समीक्षा कलेक्टर ने की जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा

लोगों को बेहतर प्रशासन देना जिला व पुलिस प्रशासन का दायित्व

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने राजस्व और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों को बेहतर प्रशासन देना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन दोनों का दायित्व है। इसके लिए राजस्व और पुलिस प्रशासन की उपस्थिति सभी क्षेत्रों में दिखनी चाहिए। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आम जनता को न्याय देने के लिए निष्पक्ष होकर कार्य करना होगा ताकि आम जनता की नजर में उनका सकारात्मक छवि बने और प्रशासन के प्रति

विश्वास पैदा हो। इस अवसर पर उन्होंने प्रत्येक अवैध प्रकरणों को निष्पक्षता से निराकरण करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एसडीएम और एसडीओपी तथा तहसीलदार एवं टीआई का आपसी समन्वय होनी चाहिए और उन्होंने आपसी समन्वय से सप्ताह में दो दिन जनचौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए।

पुलिस की भूमिका सभी क्षेत्रों में रहती है

बैठक में एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग की भूमिका सभी क्षेत्रों में रहती है। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा आपसी समन्वय से किये गये कार्य से आम जनता में सकारात्मक संदेश भी जाएगा।

लंबित प्रकरणों को निपटाने के दिए निर्देश

कलेक्टर डॉ. सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से हल्कावार पटवारी प्रतिवेदन, पंजीकृत और अपंजीकृत आवेदन पत्र, लोक सेवा केन्द्र में प्राप्त आवेदन पत्र और निराकृत प्रकरण, समय सीमा के बाद लंबित प्रकरण, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, खाता विभाजन सहित अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए।

महानदी में बहाने के लिए डंप किया जा रहा है लाखों टन जहरीला राखड़

डभरा/नवप्रदेश। जहरीला राखड़ पाटने वाले सरगनाओं को जमीन कम पड़ रही है तो नदीयों और नालों को टारगेट कर रहे हैं अब महानदी में बहाने के लिए लाखों टन जहरिला राखड़ डंप कर पर्यावरण के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विदित हो कि पूरा क्षेत्र इन दिनों जगह जगह जहरिला राखड़ पाटे जाने को लेकर त्रस्त है लोगों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है पहले खाली पड़े जमीन और खदान पर राखड़ पाटा जा रहा था लेकिन अब महानदी में बहाने के लिए अवैध रूप से लाखों टन जहरिला राखड़ डंप किया जा रहा है। ज्ञात हो कि तहसील डभरा अंतर्गत महानदी तट पर ग्राम उपनी स्थित है जहां महानदी के किनारे डुबान एरिया की जमीन पर लाखों टन जहरिला राखड़ डंप किया जा रहा है जहां पहली बरसात में ही महानदी का पानी आ जाता है और इसलिए उक्त जमीन पर लाखों टन जहरिला राखड़ डंप किया जा रहा है ताकि महानदी में जहरिला राखड़ बह जाए और बरसात के बाद फिर उस स्थान पर राखड़ डंप किया जा सके। जानकारी के अनुसार महानदी के किनारे जिस जमीन पर राखड़ डंप किया जा रहा है वह कोटवारी जमीन है जिसे कोटवार को जीवन यापन करने के लिए दिया गया है जो लगभग दस एकड़ है जिस पर अनापत्ति प्रमाणपत्र भी जारी किया जा चुका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अनापत्ति प्रमाणपत्र मात्र दस एकड़ पर पाटने के लिए लिया गया है लेकिन पाटा जा रहा है सैकड़ों एकड़ जमीन पर, दुसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि जब लाखों टन जहरिला राखड़ महानदी के पानी में जाएगा तब तब महानदी का पानी किस हद तक प्रदुषित होगा उसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।और जहां पर राखड़ पाटा जा रहा है वहां पर ग्राम का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है साथ ही गोठान भी स्थित है, जरा सी हवा चलती है तो पुरे गांव में राखड़ का गुब्बार छा जाता है पूरा गांव सांस की जगह जहरिला राखड़ पी रहा है। विदित हो कि अभी हाल ही में शासन के निर्देश पर सभी ग्राम पंचायतों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था जहां दर्जनों शिविर में अवैध राखड़ पाटने को लेकर ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सैकड़ों आवेदन दिए हैं लेकिन पता नहीं क्यों अधिकारी अवैध राखड़ पाटने वालों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रहे हैं समझ से परे है। इस संबंध में डभरा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दिव्या अग्रवाल ने कहा कि मामले की जांच करायी जाएगी।

व्हाट्सअप पर कुंडली दोष बताकर 2 लाख 65 हजार की ठगी

■ पुलिस ने जालंधर से किया आरोपी को गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर में टेलिफोनिक फ्राड के मामले में बस्तर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। व्हाट्सअप के माध्यम से आनलाईन ठगी करने वाले आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ज्ञात हो की वर्ष अप्रैल 2018 में मामले की प्रार्थिया श्रीमती अंजू तोमर निवासी शांति नगर की पुत्री को मोबाईल के माध्यम से व्हाट्अप पर संपर्क कर कुंडली देखने, कुंडली में दोष होना एवं निवारण बताने के नाम पर अप्रैल 2018 में अलग अगल किस्तो में पेटीएम के माध्यम से 2 लाख 65 हजार की ठगी की गई थी। ठगी के संबंध में प्रार्थी को जानकारी होने पर थाना बोधघाट में रिपोर्ट करने पर मोबाईल धारक एवं खाता धारक के विरूद्ध थाना बोधघाट में अगस्त 2019 में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश के मार्गदर्शन, एवं नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक नोडल साईबर सेल गितिका साहू, के पर्यवेक्षण में थाना बोधघाट लालजी सिन्हा के नेतृत्व में उपनिरी प्रमोद सिंह ठाकुर, अमित सिदार, सहा.उप निरी. सतीश यादव, प्र.आर. मयाराम नेताम, मौसम गुप्ता

आरक्षक थानेन्द्र सिन्हा, दीपक कुमार आदि की टीम गठित कर माल मुल्जिम की पता तलाश की जा रही थी । आरोपी के बैंक खातों के विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही की उपस्थिति की जानकारी पंजाब में मिलने पर उप निरीक्षक प्रमोद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर पंजाब रवाना किया गया था ।

टीम के द्वारा जालंधर पंजाब में तकनीकी साक्ष्यों एवं संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया जिसने अपना नाम पंकज कुमार बताया। पुछताछ में संदेही ने अंजू तोमर की पुत्री को व्हाट्सअप के माध्यम से आनलाईन ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी से एक मोबाईल फोन बरामद हुआ है । आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया ।

भूमि की उर्वरता के साथ सभी फसलों के लिए लाभकारी है वर्मी कम्पोस्ट

रायगढ़/नवप्रदेश। उप संचालक कृषि रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उर्वरक का अग्रिम उठाव किए जाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने जिले के समस्त किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अपने नजदीकी सेवा सहकारी समितियों में उपलब्ध यूरिया एवं सिंगल सुपर फॉस्फेट उर्वरक के साथ-साथ वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करें। सिंगल सुपर फॉस्फेट उर्वरक में फॉस्फोरस तत्व के अलावा सुक्ष्म पोषक तत्व सल्फर भी उपलब्ध रहता है जो कि पौधों के बढ़वार एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, वर्मी कम्पोस्ट में पौधों के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्व विद्यमान रहने एवं भूमि के भौतिक संरचनाओं में सुधार होने के कारण समस्त फसलों में उपयोग हेतु लाभकारी है। आवश्यकतानुसार उर्वरक का अग्रिम उठाव पीओएस मशीन के माध्यम से ही करें, जिससे ऑनलाइन स्टॉक क्लियर होने के पश्चात पुनः उर्वरक का भण्डारण कराया जाना संभव हो सकेगा एवं सेवा सहकारी समितियों में भण्डारण हेतु स्थान के कमी को देखते हुए स्टॉक खाली होने के पश्चात शीघ्र भण्डारण कराया जा सके। जिससे जिले में उर्वरक की आपूर्ति निरंतर बनी रहे।

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना अंतर्गत 30 जून तक आवेदन

रायगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने वाले इच्छुक आवेदकों से 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, निःशक्तजन, नक्सल प्रभावित एवं सेवानिवृत्त सैनिकों को आयु सीमा में 5 वर्ष छूट की पात्रता होगी। आवेदक को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र समस्त दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में दो प्रतियों में जमा करना होगा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत, निर्माण एवं उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाईयों हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख रुपए है। इसके लिए आवेदक को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना जरूरी है। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा तथा नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा।

दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना : पात्र दंपत्ति निर्धारित प्रारूप में कर सकते है आवेदन

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना है। उक्त योजना के तहत दिव्यांग युवक-युवतियों द्वारा विवाह किये जाने पर युवक या युवती में से कोई एक के दिव्यांग होने पर 50 हजार रुपये एवं दोनों के दिव्यांग होने की स्थिति में 01 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि एकमुश्त प्रदाय किया जाता है। प्रोत्साहन राशि की पात्रता के लिए दंपत्ति में से किसी एक दिव्यांग व्यक्ति को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। दिव्यांगता 40 प्रतिशत या अधिक हो। विवाह के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दंपत्ति का विवाह संस्कार प्रचलित सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार हुआ हो या सक्षम न्यायालय द्वारा कानूनी विवाह किया गया हो। दंपत्ति में से कोई सदस्य आयकरदाता की श्रेणी में न हो। उप संचालक समाज कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि पात्रता रखने वाले दंपत्ति को निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण-पत्रों के साथ विवाह के अधिकतम 6 माह के भीतर आवेदन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

बिरगुड़ी के छात्राओं को मिली सायकल

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के मुख्य अतिथि में आतिथ्य में छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना निशुल्क सरस्वती सायकल प्रदाय के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में 48 छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। विधायक ने कहा कि छात्राओं को साइकिल वितरण करते हुए कहा कि शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर आगे बढ़ने की बात कही एवं शिक्षकों को छात्र छात्राओं के अध्यापन पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

दुगली से मेघा तक 72 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

नगरी/नवप्रदेश। दुगली से मेघा तक 72 करोड़ की लागत से बनने वाले रोड का हुआ भूमिपूजन क्षेत्रवासियों का बहुप्रतीक्षित मांग मेघा से दुगली तक 9 मीटर चौड़ा रोड स्वीकृत हुआ जिसका बुधवार को भूमिपूजन किया गया। उक्त रोड की मांग विगत 15 वर्षो से की जा रही थी। भूपेश सरकार ने अभी 19 किलोमीटर रोड की चौड़ीकरण एवं मजबूती के लिए स्वीकृति प्रदान किया गया है जिसकी लागत 72 करोड़ है। मेघा से सिंगपुर की ओर कार्य प्रारंभ हो चुका 1 सप्ताह के अंदर बोरसी से दुगली तक बनना प्रारंभ हो जायेगा जिसका सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव द्वारा भूमिपूजन किया गया। सिंगापुर क्षेत्र के लोगों ने इस प्रमुख मांगों को पूर्ण करने के लिए पूरे ग्राम वासियों ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एलएल, फनीस गंगासागर, गोपाल साहू, भूषण साहू, रुद्रप्रताप नाग, नारद साहू, जयकरण साहू, जितेंद्र गंगासागर, सुंदरलाल कुंजाम कौशल दीवान, कृष्णा गंगासागर, रहबर अली, जीवन साहू, मनोज ग्वाल, सोनाराम बंसी कंवर, गणेश कंवर, मान सिंह यादव, शिवचरण कंवर, बीपी बागड़े, महबुद खान, शिवप्रसाद एवं पीडब्ल्यूडी एसडीओ पैकरा एवं उप अभियंता में उपस्थित थे।

बंगाल से उठे चक्रवाती तूफान का दिख रहा मिला-जुला असर

■ तापमान में आई गिरावट, तेज धूप से कुछ हद तक राहत

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। पश्चिम बंगाल से उठे चक्रवाती तूफान आसानी का असर जिले में भी दिख रहा है जिसके कारण एक और जहां तापमान में कुछ हद तक गिरावट दर्ज की गई है वहीं तेज धूप से भी लोगों को कुछ राहत मिली है। सोमवार की देर रात तक तेज हवाएं भी चली जिसके कारण मौसम में परिवर्तन भी आया है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल राज्य से उठे चक्रवाती तूफान आसानी का असर जिले में भी देखने को मिल रहा है हालांकि जिस स्थान पर चक्रवर्ती तूफान उठा है वहां से जिले की दूरी 800 से लेकर 12 सौ किलोमीटर तक है लेकिन इसके बाद भी इसका असर जिले में पड़ रहा है जिसके कारण एक ओर जहां तापमान में कुछ हद तक गिरावट भी दर्ज की गई है वही तेज धूप से भी लोगों को कुछ हद तक राहत मिली है पश्चिम बंगाल उड़ीसा एवं आंध्र प्रदेश तेलंगाना राज्यों में चक्रवाती तूफान का ज्यादा असर है मौसम के जानकारों की माने तो जिले के भी कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा एवं बूंदाबांदी की संभावना भी जताई जा रही है चक्रवाती तूफान का असर जिले वासियों को अपेक्षाकृत कम पड़ेगा।

59 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर किया चालानी कार्यवाही। 9 मई को यातायात पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा आम नागरिकों को यातायात नियमों के बारे अवगत कराकर नियमों का पालन करने समझाइस दी गई। इस दौरान यातायात पुलिस जांजगीर-चांपा द्वारा वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जिसमें 59 वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 17900 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। वाहन चेकिंग दौरान 52 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम में निहित प्रावधानों के तहत् कार्यवाही करते हुए 15900 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। चेकिंग दौरान 07 वाहन चालकों द्वारा शराब के नशे में वाहन चलाते पाये जाने से चालानी कार्यवाही कर 3 वाहनों को जब्त कर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा वाहन स्वामियों पर 31 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान जांजगीर शहर के मुख्य मार्ग नेताजी चौक, कचहरी चौक, नैला रेल्वे स्टेशन व चांपा रेल्वे स्टेशन में लगने वाले जाम की स्थिति को सुधारने हेतु यातायात पुलिस द्वारा सफेद पट्टी के बाहर खड़े वाहनों पर लॉकिंग एवं लिफ्टिंग की प्रभावी कार्यवाही करने के साथ ही नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही किया गया।

निराबेड़ा व कस्तूरबा स्कूल में 10 दिवसीय समरकैंप का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला निराबेड़ा एवं कस्तूरबा विद्यालय में दिन सोमवार से 10 दिवसीय समरकैंप का आयोजन किया जा रहा है। समरकैंप में अजीम प्रेम फाउंडेशन से भगवती एवं शिक्षक शशिकांत बैरागी और संतोष नाग द्वारा बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी विषय का पठन लेखन एवं गणितीय कौशल का अभ्यास के साथ-साथ ड्राइंग पेंटिंग एवं टीएलएम निर्माण सिखाया जा रहा है। इसी प्रकार कस्तूरबा बालिका विद्यालय के समरकैंप में अधीक्षिका पुष्पलता साहू के मार्गदर्शन में बालिकाओ को प्रशिक्षक वैष्णवी गंजीर द्वारा ड्राइंग पेंटिंग तथा राजभारती साहू द्वारा सिलाई कढ़ाई एवं कम्प्यूटर सिखाया जा रहा है।

निविदा सूचना

क्र. 564/71/आरसीटीआरसी/भण्डार शाखा/2022 रायपुर, दिनांक 19/04/2022

ग्रामीण संपर्क प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र (आरसीटीआरसी), सेक्टर-24, ग्राम-झांझ, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) में कार्यालय में निर्दिष्ट अनुसार ऑफलाइन के माध्यम से पात्र फर्मों/ एजेसियों/ व्यक्तियों से निविदा आमंत्रित करता है :-

नि.क्र.	निविदा आमंत्रण	अनुमानित लागत
	कार्यालयीन स्टेशनरी सामग्री हेतु निविदा	5,00000.00
	कुल राशि रु.	**5,00000.00**

सामग्री के निर्माताओं तथा उनके विक्रेताओं/Supplier से स्टेशनरी संबंधित सामग्री प्रदान करने हेतु निविदा की शर्तें तथा फार्म इत्यादि दिनांक 12.05.2022 के पश्चात कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

(के.के. कटारे)
मुख्य अभियंता
ग्रामीण संपर्क प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र, नवा रायपुर (छ.ग.)

संवाद-32465/1

शहर में बढ़ रही पीने के लिए पानी की समस्या, नपं ने कराया डबरी का निर्माण

कलेक्टर लेते रहे जायजा

कलेक्टर कुंदन कुमार नगर की 25 हजार की आबादी को नियमित रूप से जलआपूर्ति होते रहे इसके लिए कितने चिंतित है इसे इस बात से समझा जा सकता है कि उनके निर्देश पर पूरा प्रशासनिक अमला एवं जनप्रतिनिधि आज पुनः इंटरवेल पहुंचे वही वह लगातार एसडीएम से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। कलेक्टर ने कहा रामानुजगंज में नियमित पेयजल आपूर्ति बनी रहे इसके लिए हम सब चिंतित हैं नगर में जलापूर्ति बाधित न हो इसके लिए आज कन्हर नदी में बड़ा डबरी का निर्माण कराया गया।

तपती धूप में घंटों डटे रहे अफसर

नगर में गहराते जन संकट को देखते हुए जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी जिला प्रशासन के निर्देश के बाद घंटों कन्हर नदी में तपती धूप में खड़े होकर डबरी निर्माण करवाया ताकी नियमित जलापूर्ति बाधित न हो। विगत 15 दिन से लगातार नगर पंचायत के द्वारा जेसीबी के माध्यम से डबरी निर्माण कराया जाना था परंतु अब जेसीबी डबरी निर्माण में अक्षम होने की स्थिति में आज पोकलेन मशीन बुलवाया गया।

रामानुजगंज/नवप्रदेश। कन्हर नदी के सूखने पर प्रतिदिन नगर में 25 हजार की आबादी के लिए पेयजल की समस्या बढ़ते जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल, एसडीएम गौतम सिंह, सीएमओ दीपक एक्का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता राठिया, जनपद सीईओ मिथिलेश पैकरा समेत अन्य अफसरों ने इंटक वेल पहुंचकर नगर की नियमित जल प्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जहां पोकलेन से बड़े डबरी का निर्माण करवाया। वहीं ओपन वेल पंप भी लगाया गया। कलेक्टर के निर्देश पर इंटरवेल में ही बैठक आयोजित कर नगर में नियमित रूप से पेयजल व्यवस्था कैसे बनी रहे इस पर गंभीरता से चर्चा हुई। गौरतलब है कि एक ओर कन्हर नदी पूर्णतः सूख गई वहीं दूसरी ओर नगर के हैंडपंप व कुआं भी सूखते जा रहे हैं जिसके कारण नगर में पेयजल की समस्या गहरागया है। मानसून में करीब 1 माह की देरी है ऐसे में नियमित रूप से नगर में पेयजल आपूर्ति करना बड़ी चुनौती है। इस बीच कलेक्टर के निर्देश पर नगर पंचायत अध्यक्ष सहित प्रशासनिक अमला इंटकवेल पहुंचा जहां पूरे दिन जेसीबी से बड़ा डबरी निर्माण कराया गया ताकि नगर में नियमित पेयजल आपूर्ति बाधित न हो सके।

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202205160100014
अ-20 (3) 2021-22

ईश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता सुनीता साहू पति/पिता रवि कुमार साहू उम्र 35 वर्ष जाति तेली निवासी गीदम को वर्ष 2019-20 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत नगरीय क्षेत्र गीदम पहन 17 रानिमं व तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 399 रकबा 0.5260 हे. भूमि में से प्राप्त 904 वर्गफुट भूमि के भूमिस्वामी हक प्रदाय किए जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुए स्वय या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 19.05.2022 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09.05.2022 को जारी किया जाता है।

सील

नजूल अधिकारी
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202205160100010
अ-20 (3) 2021-22

ईश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता आशीष कुमार गुप्ता पिता रामेश्वर गुप्ता उम्र 34 वर्ष जाति कलार निवासी गीदम को वर्ष 2019-20 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत नगरीय क्षेत्र गीदम पहन 17 रानिमं व तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 565/1 रकबा 0.8390 हे. भूमि में से 969 वर्गफुट भूमि के भूमिस्वामी हक प्रदाय किए जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुए स्वय या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 19.05.2022 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09.05.2022 को जारी किया जाता है।

सील

नजूल अधिकारी
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

क्रमांक 264/स्था/न.पं./2022 अड़भार, दिनांक 05/05/2022

// क्वांटीफाईबल डाटा एन्ट्री का प्रारंभिक प्रकाशन //

जनसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत 01 से 15 वार्डों में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का क्वांटीफाईबल डाटा एन्ट्री किए जाने हेतु छ.ग. राज्य क्वांटीफाईबल डाटा आयोग के द्वारा आदेशिक किया गया था, जिसका डाटा एन्ट्री कार्य पूर्ण कर सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज दिनांक 05.05.2022 को किया गया है।

अतः दिनांक 05.05.2022 से 13.05.2022 तक कार्यालयीन समयावधि में उपस्थित होकर डाटा का मिलान कर उक्त संबंध में दावा आपत्ति किया जा सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

दिनांक 05.05.2022
स्थान :- अड़भार, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार

आज प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा संकल्प परियोजना के अंतर्गत, लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जायेगा। इस प्लेसमेंट कैंप में निजी नियोजक, गैलेक्सी द्वारा मितान फील्ड एक्जीक्यूटीव पदों पर चयन के लिये साक्षात्कार होगा। जिले के आवेदक जो स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण है एवं 2 व्हीलर चलाने का स्थायी लाईसेंस तथा 2 व्हीलर की आर.सी. बुक हो और जिनकी आयु 21 वर्ष से अधिक हो वे युवा अपने सभी प्रमाण पत्रों के मूल एवं सत्यापित प्रतिलिपि के साथ साक्षात्कार के लिये उपस्थित हो सकते हैं।

पूरा भरोसा झीरम की जांच भी होगी सच भी सामने आयेगा: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार द्वारा गठित किये गये जीरम न्यायिक जांच आयोग पर रोक लगाने नेता प्रतिपक्ष धर्मलाल कौशिक मान. उच्चन्यायालय गये थे। माननीय न्यायालय ने आगामी सुनवाई तक आयोग पर रोक लगाया है। आयोग के गठन के खिलाफ कोई निर्णय नहीं दिया है। अगामी सुनवाई को सरकारी वकील विधिवेत्ता सरकार का पक्ष माननीय अदालत के समक्ष रखेंगे। हमे पूरा भरोसा है माननीय न्यायायल जीरम की जांच को आगे जारी रखने का आदेश देगा और जीरम का पूरा सच जरूर सामने आयेगा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अदालत में प्रस्तुत किये गये नेता प्रतिपक्ष के तथ्यों का जवाब अदालत में दिया जायेगा। लेकिन जिस प्रकार से भाजपा जीरम की जांच रोकने का षडयंत्र कर रही है। उससे यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा कि भाजपा जीरम की जांच क्यों नहीं होने देना चाहती? ऐसा क्या डर है जो बार-बार जीरम की जांच में भाजपा के तरफ से अडंगे लगाये जाते है। ये कोई पहली बार नहीं हुआ है जब भाजपा ने झीरम घाटी कांड की जांच में बाधा खड़ी करने की कोशिश की हो। झीरम घाटी कांड की जांच सबसे अधिक भाजपा के शासन काल में हुई। सीबीआई की जांच नहीं होने दे रहे थे, एनआईए की जांच रोक दिया था। एसआईटी की जांच नहीं होने देना चाहते थे। अब न्यायिक जांच आयोग की जांच को रोकना चाहते है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जैसे ही झीरम घाटी कांड की जांच की बात आती है पता नहीं भाजपा के बड़े-बड़े नेता घबराने लगते है, किसी न किसी प्रकार से वे इसकी जांच को बाधित करने में जुट जाते हैं, कभी बयानबाजी करते हैं, कभी आंदोलन करते हैं, कभी कोर्ट की शरण में जाते हैं, पीआईएल दायर करते हैं, यानी किसी भी प्रकार से भाजपा झीरम घाटी की सम्यक जांच को होने ही नहीं देना चाहती है।

किसे बचाना चाह रही कांग्रेस

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- भूपेश सरकार के गाल पर हाईकोर्ट का एक और तमाचा

झीरम मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित गए आयोग की कार्यवाही पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। पुराने आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक किए बिना ही सरकार ने नया आयोग गठित कर दिया है। कांग्रेस सरकार आखिर किसे बचाने की कोशिश कर रही है?

जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को अतिरिक्त प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त प्रभात मलिक ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से नगर निगम की प्रशासनिक व्यवस्था के तहत निगम अधिकारियों का स्वच्छता अध्ययन भ्रमण पर प्रवास पूर्ण होते तक अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को अतिरिक्त प्रभार सौपे है। इसके तहत नगर निगम रायपुर के उपायुक्त स्वास्थ्य ए.के. हालदार को प्रभारी जोन कमिश्नर जोन 7, रधुमणी प्रधान का स्वच्छता अध्ययन भ्रमण प्रवास पूर्ण होते तक नगर निगम जोन 7 के जोन कमिश्नर को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार जोन 4 कमिश्नर विनय मिश्रा को जोन 3 कमिश्नर, जोन 6 कमिश्नर नेतराम चंद्राकर को जोन 5 कमिश्नर, जोन 2 कमिश्नर विनोद पाण्डेय को जोन 8 कमिश्नर, जोन 10 कमिश्नर दिनेश कोसरिया को जोन 9 कमिश्नर, प्रभारी कार्यपालन अभियंता जोन 6 सूर्यप्रकाश त्रिपाठी को कार्यपालन अभियंता जोन 1, कार्यपालन अभियंता हेमंत शर्मा को कार्यपालन अभियंता जोन 2, प्रभारी कार्यपालन अभियंता जोन 10 शीबू लाल पटेल को प्रभारी कार्यपालन अभियंता जोन 9 का अतिरिक्त प्रभार उनके अपने मूल कार्य के साथ सौपा गया है।

विक्रम सिंहदेव का जिला दंतेवाड़ा, बचेली एवं किरंदुल के व्यापारियों ने किया भव्य स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष दंतेवाड़ा जिले के प्रभारी विक्रम सिंहदेव का आज दंतेवाड़ा के बचेली व किरंदुल में आगमन हुआ। आगमन पर बचेली के व्यापारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। चेम्बर आफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद विक्रम सिंहदेव का जिले में पहला आगमन था। बचेली में स्वागत के पश्चात मुख्य अतिथि में रूप में किरंदुल में वे जिले भर के व्यापारियों की बैठक में शामिल हुए जहां किरंदुल, बचेली समेत दंतेवाड़ा जिला के व्यापारियों ने मुख्य अतिथि विक्रम सिंह देव का भव्य स्वागत किया।

श्री सिंहदेव ने कहा कि स्वागत के पश्चात सभी व्यापारियों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं से अवगत कराया साथ ही बैठक में पधारे इंटक के अध्यक्ष श्री सिंह को एनएमडीसी द्वारा लेबर सप्लाई में जारी किए जाने वाले कूपन को सार्वजनिक किए जाने की मांग भी की गई तथा इंटकप अध्यक्ष ने प्रबंधन से इस विषय मे चर्चा किये जाने की बात कही।

आज आरेंज अलर्ट, कई जिलों में हो सकती है भारी बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवाती तूफान 'असानी' का असर छत्तीसगढ़ में दिख रहा है। आज सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। देर रात से तेज हवाएं चल रही हैं, कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश भी हुई है। वहीं आज भी प्रदेश के कई जगहों में हल्की से भारी बारिश के आसार मौसम विभाग ने जताए हैं। वही 24 घंटे के लिए बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोण्डागांव और बस्तर के लिए चेतावनी जारी की गई है। बता दें कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान असानी आंध्र प्रदेश, उड़िसा और पश्चिम बंगाल में तबाही मचा रहा है।

बढ़ती मांग के बीच पूरी क्षमता से उत्पादन कर रहे हैं प्रदेश के बिजली संयंत्र

- बेहतर रखरखाव से बढ़ी संयंत्रों की उत्पादन क्षमता

रायपुर/नवप्रदेश। भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की मांग बड़ गई है, जिसकी आपूर्ति करने सभी बिजली संयंत्र पूरी क्षमता से चलाए जा रहे हैं। अप्रैल महीने में जनरेशन कंपनी के सभी संयंत्रों ने बेहतर उत्पादन किया। अप्रैल महीने में प्रदेश के संयंत्रों का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) 83.83 प्रतिशत रहा। देशभर के 33 स्टेट पॉवर सेक्टर में छत्तीसगढ़ के संयंत्र दूसरे स्थान पर रहे। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष अधिकतम विद्युत मांग 5300 मेगावाट तक पहुंच गया है। गर्मी के कारण विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल अधिक हो रहा है साथ ही उद्योग पूरी क्षमता से चल रहे हैं, जिसके कारण बिजली की मांग बढ़ गई है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन कार्यरत नेशनल पॉवर पोर्टल की मई में जारी रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के सभी संयंत्र पूरी क्षमता से चल रहे हैं।

कैरियर प्रोग्राम्स इन बायोटेक्नोलॉजी विषय पर 14 मई को किया जाएगा सेमिनार का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा बी प्लस की मान्यता प्रदान की गयी है। यह छत्तीसगढ़ में एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है, जो एनआईआरएफ रैंकिंग 2021 में उत्कृष्ट 151-200 विश्वविद्यालयों में सम्मिलित है। यहाँ पर वैश्विक मापदंड के अनुरूप विद्यार्थियों में नवोन्मेष को विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण, बहु-विषयक अनुसंधान केंद्रित शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाता है। जिससे उनमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना के साथ नेतृत्वशक्ति का विकास हो सके।

विद्यार्थियों के लिए बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बेहतर विकल्प और भविष्य में रोजगार की संभावनाओं के संबंध में जानकारी देने हेतु कलिंगा विश्वविद्यालय के द्वारा 14 मई 2022 ''कैरियर प्रोग्राम्स इन बायोटेक्नोलॉजी'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उक्त संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में कलिंगा विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की सह प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा दुबे उपस्थित रहेंगी। जैव प्रौद्योगिकी विषय के अध्यापन एवं मार्गदर्शन के क्षेत्र में डॉ. सुषमा दुबे को महारत हासिल है। उनके निर्देशन में विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा विभिन्न सफल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. दुबे बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रोजगार संबंधित विषय पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में कैरियर काऊंसिलिंग के दायित्व को बखूबी निभाती रही हैं।

सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड 17 मई को करेंगे कैंपस साक्षात्कार

रायपुर/नवप्रदेश। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था माना कैम्प में सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा।इसमें व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (आटोमोबाईल), ट्रेक्टर मेकैनिक और पेन्टर जनरल हेतु सत्र 2017 से 2021 में आई.टी.आई. (एन.सी.व्ही.टी. एवं एस.सी.व्ही.टी.) से उत्तीर्ण केवल पुरुष प्रशिक्षार्थियों को शामिल किया जाएगा। इसके लिए जिनका ट्रेड में 60 प्रतिशत एवं 10 वीं में 50 प्रतिशत अंक हो और आयु 18 से 23 वर्ष (22 वर्ष 11 महीने) से कम हो,ऐसे अभ्यर्थी 17 मई 2022 को कैम्पस इन्टरव्यू में सुबह 10 बजे सम्मिलित हो सकते है।

नौ विभागों में पीएचडी के पाठ्यक्रम, प्रारंभ में 18 सीट होंगी

- छत्तीसगढ़ के संदर्भ में स्वास्थ्य संबंधी शोध और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित होगा
- गैर चिकित्सा छात्र और नर्सिंग छात्र भी ले सकेंगे चुनिंदा पाठ्यक्रमों में प्रवेश

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नौ विभागों में इस सत्र से 18 पीएचडी की सीट्स उपलब्ध होंगी। इसमें अधिकांश चिकित्सा छात्रों के साथ गैर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए भी उपलब्ध रहेंगी। एम्स का प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के संदर्भ में विशेष शोध परियोजनाओं को संचालित कर यहां होने वाली बीमारियों और इनकी रोकथाम पर गहन अनुसंधान संभव हो। इन सभी शोधार्थियों को प्रारंभ के तीन वर्ष तक 31 हजार रुपये का भत्ता भी प्रदान किया जाएगा।निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि एम्स के सभी विभागों में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद बड़ी संख्या में प्रतिदिन रोगी पहुंच रहे हैं। स्थापना के बाद से अब तक कंप्यूटराइजेशन की मदद से इन सभी रोगियों का डेटा भी बड़ी संख्या में एकत्रित हो गया है। ऐसे में अब शोध और अनुसंधान पर अधिक से अधिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस सत्र से नौ विभागों- अस्थिरोग विभाग, एनाटॉमी, बायोकैमेस्ट्री, कम्युनिटी एंड फैमली मेडिसिन, फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सीलॉजी, जनरल मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी एंड लैब मेडिसिन और फिजियोलॉजी में पीएचडी की 18 कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। सभी विभागों में दो सीट्स उपलब्ध होंगी। जनरल मेडिसिन और आर्थोपेडिक्स में पीएचडी सिर्फ चिकित्सा छात्रों के लिए उपलब्ध होगी। शेष विभागों में चिन्हित पाठ्यक्रमों के नॉन मेडिकल स्टूडेंट्स भी प्रवेश ले सकते हैं। नर्सिंग में पीजी कोर्स कर चुके छात्र कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन और फिजियोलॉजी के शोध में भी भाग ले सकते हैं।

गोबर-माटी को बोरी में भरकर हजार रुपए क्विंटल में बेच, किसानों को लूट रही है भूपेश सरकार: बृजमोहन

- किसान अमानक मिट्टी-गोबर को दबाव पूर्वक बेचने का खुलकर विरोध करें

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किसानों को हजार रुपए प्रति क्विंटल वर्मी कम्पोज्ड खाद जबरिया खरीदने को बाध्य करने व उसकी गुणवत्ता पर ही सवाल उठाते हुए कहा कि यह असंवैधानिक है। यह राज्य सरकार की किसानों से लूट है। उन्होंने कहा कि हिन्दी स्कूलों के बच्चों के भविष्य पर दांव लगाकर अंग्रेजी स्कूल खोलना अन्याय है। अपने प्रदेश के दौरे पर राज्य से अपनी जमीन खिसकती देख मुख्यमंत्री बौखला गए हैं।

श्री अग्रवाल आज पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्मी खाद के नाम पर किसानों का शोषण हो रहा है, लूटमार की जा रही है, अत्याचार किया जा रहा है। यूरिया 260 रुपए में मिल रही है, फिर मिट्टी युक्त गोबर 1 हजार रुपए में खरीदने की बाध्यता क्यों। ये कोई नियम में नहीं है, कानून में नहीं है, ये संविधान के विरुद्ध है। आप किसी को मजबूर करें कि आपको 1 हजार में वर्मी कम्पोस्ड खरीदना होगा। उन्होंने कहा कि जिस वर्मी कम्पोस्ड को खरीदने की बाध्य कर रहे हैं, वो वर्मी कपोस्ड की किसी भी लेब में जांच नहीं हुई है। उसको सर्टीफाइड नहीं किया गया है। ऐसी खाद को खरीदने की बाध्यता किसानों के साथ अन्याय है अत्याचार है, लूट है। हम किसानों को कहेंगे कि आप खुल कर विरोध करें और सरकार को कहेंगे कि यह लूट बंद करें।

वर्मी है, कम्पोस्ड या गोबर खाद है

श्री अग्रवाल ने कहा कि किसानों से मुख्यमंत्री कहते हैं कि खाद खरीदने की कोई बाध्यता नहीं है। दूसरी तरफसोसायटियों को आदेश दिया जाता है कि हर किसान को प्रति एकड़ तीन बोरी खाद खरीदने की बाध्यता है। उन्होंने सवाल किया कि जरा सरकार बताए कि वो वर्मी है, कम्पोस्ड है या गोबर खाद है और कौन सी लैब में सर्टीफाइड किया गया है। क्या अमानक खाद पायी जाती है, तो जो सरकार खरीदने की बाध्यता कर रही है क्या मुख्यमंत्री के खिलाफजुर्म दर्ज करेंगे। क्या कृषि मंत्री के खिलाफ जुर्म दर्ज करेंगे। क्या सहकारिता मंत्री के खिलाफजुर्म दर्ज करेंगे क्यों कि खाद सोसायटियों से बेची जा रही है।

लोगों ने शिकायतों और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर अपर कलेक्टर बीसी साहू ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन जिले के विभिन्न विकासखंडो से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए और उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर के निर्देश पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को हितग्राहियों के आवेदन पर नियमानुसार लाभांवित करने कहा।

जनदर्शन में आज ग्राम नकटी के पंकज वर्मा ने बैटरी चालित ट्रायसाइकल दिलाने, गेशु वैभव सिंह ने जल्द से जल्द संशोधन पंजी, अधिकार अभिलेख एवं नामांतरण पंजी की प्रति दिलाने हेतु, शांता कोसरिया ने अवैध कार्यवाही पर रोक एवं मुआवजा हेतु, रश्मि शर्मा ने स्वरोजगार दिलाने, धर्मिन चौरे ने स्वामी आत्मानंद बिन्नी बाई सोनकर उत्कृष्ट विद्यालय भाटा गांव में अपने पुत्रों को प्रवेश दिलाने इसी तरह अन्य ने अपने शिकायतों और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री मुकेश कोठारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बाइक की ठोकर से बाइक सवार घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। बाइक की ठोकर से बाइक सवार चार लोगों को चोट आई है। घटना पिथौरा के पास ग्राम बड़े डिपोपारा की है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मेमरा निवासी मनोज रात्रे 8 मई शाम पांच बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 पी 4398 से तेंदूकोना से ग्राम मेमरा आ रहा था। डिपोपारा पिथौरा के पास पीछे आ रही सीजी 04 एमएल 3256 के चालक ने ठोकर कार दिया। मनोज के दाहिने पैर, ठुढी, दोनों हाथ की कलाई में मेरे बहु नलिनी रात्रे के दाहिने हाथ, दाहिने पैर कमर, नाती विकास रात्रे को चोट आई है।

प्रदेश में टीबी के अति संवेदनशील समूह का होगा मानचित्रण

- मधुमेह और उच्च रक्तचाप की भी होगी जांच
- संभावित रोगियों की होगी जांच और उपचार
- महीने भर शहरों की मलिन बस्तियों में चलेगा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को वर्ष 2023 तक टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अति संवेदनशील समूह का मानचित्रण किया जाएगा। इस दौरान संभावित रोगियों की जांच होगी और रोग की पुष्टि होने पर उन्हे उपचार के लिए नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में संदर्भित किया जाएगा।

लक्षण मिलने पर 24 घंटे में पुष्टि

मौखिक सर्वे में टीबी के लिए सभी सदस्यों की जांच होगी और लक्षण मिलने पर उसकी जांच 24 घंटों में ही की जाएगी और पुष्टि होने पर सबसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेजा जाएगा। तीस वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच भी टीम द्वारा की जाएगी। सभी जानकारियाँ एक फॉर्म में भरी जाएगी। इस सर्वेक्षण में 16 जिलों में लगभग 36 लाख लोगों की जांच होगी और सर्वेक्षण के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जाएगा ताकि सर्वे टीमों को कार्य करने में दिक्कत न हो और समुदाय का सहयोग भी प्राप्त हो। सस्टैनबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के अनुसार टीबी का उन्मूलन वर्ष 2030 तक करना है जबकि भारत ने यह लक्ष्य वर्ष 2025 तक रखा है। वहीं छत्तीसगढ़ ने यह लक्ष्य वर्ष 2023 रखा है।

अगले कुछ दिनों में शुरू किए जाने वाले इस सर्वे की शुरुआत शहरों की मलिन बस्तियों से की जाएगी। इसके अलावा जेल, खदान, आश्रय ग्रह और अन्य संवेदनशील जगहों का मानचित्रण किया जाएगा। सर्वे के दौरान टीबी की जांच सभी उम्र के लोगों की होगी और 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मधुमेह (diabetes) और उच्च रक्त चाप (hypertension) की भी जांच होगी। मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों में क्षय रोग या टीबी होने का जोखिम तीन गुणा अधिक होता है।

महीने भर चलने वाले इस सर्वे में शामिल होने वाले स्वास्थ्य कर्मियों और अधिकारियों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया है। यह प्रशिक्षण डॉ.प्रदीप टंडन, राज्य प्रोग्राम मैनेजर (शहरी) द्वारा दिया गया।

कार की डिक्की से 9 लाख रुपये पार

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के पिथौरा शहर से लगे कर्मचारी कॉलोनी लहरौद में घर के भीतर खड़ी गाड़ी से अज्ञात लोगों ने 9 लाख रुपए चोरी कर लिए. राइस मिलर ने बैंक से पैसा निकालकर गाड़ी में रखा था. घटना की जानकारी मिलने के बाद पिथौरा पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंची है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कि गाडी में रखे पैसा की उठाईगीरी हुई है. जांच-पड़ताल कर रहे हैं. आसपास लगे सीसीटीवी को चेक कर रहे है. आवेदक के बताए अनुसार 920000 रुपए की उठाईगिरी है. रकम रबी फसल धान खरीदी के बाद किसानों को भुगतान के लिए रखा गया था।

कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में कलेक्टर श्री सौरभ कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जारी अनिश्चितकालिन तथा प्रस्तावित धरना प्रदर्शनों के बारे में जानकारी लेकर अधिकारियों को कानून व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए है। उन्होंने आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले धरना, प्रदर्शन एवं रैलियों के दौरान संभावित ट्रैफिक्र समस्या पर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों से एक- दूसरे से सतत संपर्क बनाए रखने कहा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो तथा कानून और व्यवस्था भी अच्छी बनी रहे। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी समन्वय में से काम करने कहा। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पीएम रिपोर्ट और एमएलसी आदि में विलंब होने से न्यायालयीन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

स्ट्रीट वेंडर्स को रायपुर नगर निगम दे रहा है नई पहचान: महापौर एजाज़ ढेबर

- जोन स्तर पर विशेष शिविरों के माध्यम से मिलेगी वित्तीय सहायता की पूरी जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। महापौर एजाज़ ढेबर के निर्देश पर पथ विक्रेताओं को पहचान पत्र के साथ ही सु-व्यवस्थित व्यवसाय से जोड़ने की शुरूआत की गई है। श्रम दिवस पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इन पथ विक्रेताओं के परिश्रम को सम्मानित कर पहचान पत्र प्रदान करने की शुरूआत की है। इन पथ विक्रेताओं को पहचान मिलने से न केवल इनकी समुचित व्यवस्थापन सुनिश्चित होगा, बल्कि सुविधाजनक व्यवसाय के जरिए ये अपनी आजीविका का बेहतर संचालन कर पाएंगे। महापौर के अनुसार पथ विक्रेताओं का उचित व्यवस्थापन बड़ी प्राथमिकता है। इसके लिए जोन स्तर पर जी.आई.एस. सर्वेक्षण कर पथ विक्रेताओं एवं स्थल का चिन्हांकन किया गया है।

दीक्षांत समारोह राज्यपाल एवं कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके होंगी मुख्य अतिथि

पत्रकारिता विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 30 मई को

- 945 विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्रियां
- 29 विद्यार्थियों को मिलेंगे स्वर्ण पदक
- द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कुल 58 विद्यार्थियों को मिलेंगे प्रावीण्य प्रमाण पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय का पांचवा दीक्षांत समारोह 30 मई को आयोजित किया जा रहा है। समारोह की मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके होंगी। सामारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। समारोह के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्रॉडकास्ट एडिटर्स एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एन.के. सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा करेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आनंद शंकर बहादुर ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 2019 से 2021 तक उत्तीर्ण कुल 945 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इस मौके पर प्रथम स्थान प्राप्त कुल 29 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से अलंकृत किया जाएगा। साथ ही प्रावीण्य सूची में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कुल 58 विद्यार्थियों को प्रावीण्य प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। समारोह 30 मई को सुबह 11:30 बजे नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को अधिसूचना जारी की गई है। निर्धारित प्रारूप में 23 मई तक आवेदन करके विद्यार्थी दीक्षांत समारोह में शामिल हो सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक शव दाह मशीन बंद कमरे में हो रही कबाड़, नए मुक्ति धाम से सुविधा मिलने का दावा!

- **पूर्व महापौर ने 30 लाख रुपए में दिलवाई थी स्वीकृति, विस अध्यक्ष ने किया था लोकार्पण**

बैकुंठपुर-कोरिया/नवप्रदेश। यूं तो प्रत्येक जनप्रतिनिधि बदलते समय अनुसार आम जनता को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास करता है किंतु वर्तमान जनप्रतिनिधि पूर्व के जनप्रतिनिधि की योजना बताकर उस और ध्यान नही देते आखिर क्यों? ऐसा ही मामला कोरिया जिले के चिरमिरी नगर निगम में सामने आया है। जहां डेढ़ साल पहले से स्थापित आधुनिक मशीनीकरण के योजना को मूर्तरूप देते हुए विद्युत शवदाह मशीन के लगे होने के बाद भी यह चालू नहीं हो सका। वहीं देख रेख के अभाव में इसके कलपूर्जे भी चोरी हो गए जिससे आज भी मृत शवों को अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी के लिए परेशान होना पड़ता है और प्रशासन का समुचित ध्यान इस ओर अभी तक नहीं गया है। अब धीरे-धीरे शहर के प्रबुद्ध वर्ग में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। निगम सरकार पहले से रखी मशीन को चालू कराने के बजाय नए स्तर पर मुक्ति धाम बना कर सुविधा देने का दावा कर रही है। इसके लिए 1.25 करोड़ से 7 नए मुक्तिधाम बनाए जाएंगे। चिरमिरी में अब नए मुक्तिधाम निर्माण कराने मंजूरी मिली है। मुक्तिधाम योजना के तहत 125.983 लाख की स्वीकृति मिली है।

ढाई सालों से कमरे में है कैद

30 लाख की लागत से निर्मित इलेक्ट्रिक शवदाह मशीन लोकार्पण के बाद ढाई साल से कमरे में कैद है। निगम की अनदेखी के कारण पार्ट्स चोरी होने के बाद दोबारा नहीं लगाया गया है। जिससे अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक मशीन कबाड़ में तब्दील होने लगी है। ढाई साल से मुक्तिधाम की इलेक्ट्रिक मशीन कक्ष में ताला लटका हुआ है। मशीन ऑपरेट नहीं होने के कारण मुक्तिधाम में लकड़ी से दाह संस्कार कर रहे हैं। वहीं निगम की लापरवाही के कारण अत्याधुनिक मशीन के कलपूर्जे चोरी व खराब हो चुके हैं। समुचित देखरेख के अभाव में 30 लाख की मशीनरी धीरे-धीरे कबाड़ होने लगी है। क्योंकि शहर सरकार बदलने के बाद इलेक्ट्रिक मशीन को ऑपरेट और मेंटेनेंस कराने में कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

30 लाख रुपए की दिलाई थी स्वीकृति

चिरमिरी निगम में पिछले कार्यकाल में तत्कालीन महापौर के डोमरु रेड्डी ने शहर के लोगों को मुक्तिधाम के लिए लकड़ियों को लेकर होने वाले परेशानियों को मद्देनजर अपने शहर में विद्युत शवदाह मशीन लगाने के दृढ़ इच्छाशक्ति को दिखाते हुए डीएमएफ से 30 लाख रुपयों की स्वीकृति दिलाई, डोमनहिल मुक्तिधाम में इस अभिनव प्रयास को मूर्तरूप देते हुए स्थापना करवाया। जिसे 13 अक्टूबर 2019 को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महन्त के मुख्य आतिथ्य में लगभग 6 करोड़ के आसपास के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम भी करवाया था। बावजूद इसके इसे प्रारम्भ करने के बजाय नगर निगम प्रशासन ने अपना रंग बदलते हुए रेड्डी के कार्यकाल समाप्त होते ही, उनके इस ड्रीम प्रोजेक्ट को भी ठंडा बस्ता में डाल दिया। बताते हैं कि पूर्व कार्यकाल के ऐसे बहुत से और कार्य भी हैं, जिन्हें स्वयं पूर्व महापौर के. डोमरु रेड्डी के द्वारा वर्तमान महापौर और आयुक्त को पत्र लिखने के बाद भी कई योजनाओं को प्रारम्भ नहीं किया गया है।

महिला मैनेजर से अश्लील बातें पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

- **बचेली के एक होटल में महिला मैनेजर से बदसलूकी**

बचेली/नवप्रदेश। बचेली के एक होटल में महिला मैनेजर अश्लील बातें करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने 9 मई को थाने में लिखित शिकायत की थी। शिकायत में महिला ने लिखा कि वह बचेली के एक होटल में मैनेजर है। 9 मई के दोपहर करीबन 3 बजे अपने घर में थी तभी होटल के स्टाफ ने मोबाइल पर फोन करके बताया कि एक कस्टमर होटल में रूम के संबंध में बात करना चाहता है। महिला ने जब उस कस्टमर से बात की तो उसने रूम रूम सर्विस के नाम पर लड़की की व्यवस्था करने की बात कही। इस पर उसने फोन काट दिया और तुरंत होटल पहुंची जहां पर आरोपी रोहित मिला जो रूम और लड़की की व्यवस्था करने बोलने लगा।

मेयर के प्रयासों से शहर विकास के लिए मिले 47.114 लाख

कोरिया/चिरमिरी/नवप्रदेश। शहर के विकास के लिए भागीरथी बन चुकी नगरपालिक निगम की महापौर कंचन जायसवाल के अथक प्रयास से नगरीय प्रशासन मंत्री के अनुमोदन पर चिरमिरी शहर विकास हेतु 14वें वित्त आयोग अंतर्गत 47.114 लाख की स्वीकृति मिली है। इनमें वार्ड 4 चन्दन के घर के पीछे से द्वारिका के घर तक, पोंड़ी में सीसी नाली निर्माण के लिए 2.790 लाख, वार्ड 01 केराडोल पानी टंकी के पास से पुलिया तक, मेन रोड मालवीय नगर पोंड़ी में सीसी नाली 4.972 लाख, वार्ड 2 पंडित दीनदयाल चौक से स्लाटर हॉउस तक, पोंड़ी में फुटपाथ निर्माण 19.670 लाख, वार्ड 35 बद्री प्रसाद के घर से किरन के घर तक डोमनहिल, चिरमिरी में सीसी नाली निर्माण कार्य लागत 1.543 लाख, वार्ड 35 मन्नान के घर से कृष्णा के घर तक, डोमनहिल चिरमिरी में सीसी नाली निर्माण 1.910 लाख, वार्ड 6 अरुण के घर से गंगा के घर तक रामनारायण के घर के पीछे से यूनियन ऑफि स तक, मस्जिद के पास से रवि के घर तक, नारायण के घर बुधई के घर तक, राम सिंह के घर से आयोध्या के घर तक, शिवमंदिर के पास,प्रीतम के घर से शिव मूरत के घर तक, कोरिया कॉलरी में नाली निर्माण कार्य लागत राशि 12.600 लाख, वार्ड 09 दिलीप के घर से सरफराज के घर तक छन्ना दफाई, गेल्हापानी में सीसी नाली निर्माण कार्य लागत राशि 1.950 लाख, वार्ड 01 नगर निगम कार्यालय के पास मालवीय नगर, वेस्ट चिरमिरी में सीसी नाली निर्माण कार्य लागत राशि 1.679 लाख समेत कुल राशि 47.114 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृत मिली है।

चोरी की नियत से घूसा, परिवार की खुली नींद तो भागा, पुलिस ने पकड़ा

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। रात्रि के समय चोरी की नियत से रात्रि घर घुसकर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। वहीं आरोपी को जेल दाखिल कर दिया है। मामला जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम तुषार का है। मिली जानकारी के अनुसार 10 मई को प्रार्थी महादेव बघेल निवासी तुषार थाना जैजैपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि रात्रि 3 बजे आरोपी कन्हैया महंत उम्र 22 वर्ष साकिन तुषार चोरी करने की नियत से घुसा था। परिवार वालों के जग जाने से आरोपी फरार हो गया कि रिपोर्ट पर धारा 457,511 के तहत अपराध दर्ज किया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित कर लगातार पतासाजी की जा रही थी।

रेल्वे स्टेशन की पार्किंग में खड़े 7 संदिग्ध वाहनों को ट्रैफिक पुलिस ने किया जब्त

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। नैला व चांपा रेल्वे स्टेशन के पार्किंग स्टैंड में खड़े संदिग्ध 7 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जब्ती बनाई गई है। साथ ही वाहन मालिकों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जा रही है। नए एसपी के पदभार ग्रहण करते हुए यातायात पुलिस अब एक्शन मोड़ में आ गई है। इसी के तहत 9 मई को शहर में हो रही दुपाहिया वाहनों की चोरी के मद्देनजर जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत नैला रेल्वे स्टेशन के पार्किंग स्टैंड में खड़े 7 संदिग्ध वाहनों को जप्त कर दुपहिया वाहन पर विधिवत कार्यवाही कर चौकी नैला में सुरक्षार्थ रखकर वाहन स्वामी के बारे मे पता किया जा रहा है। चेकिंग के दौरान चापा रेल्वे स्टेशन मे 19 दुपहिया वाहन खड़े होने कि सूचना पर रेल्वे के अधिकारियों से समन्वय बनाकर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है। चेंकिंग दौरान जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा रेल्वे प्रबंधन के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही किया गया।

आम जनता से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें : कलेक्टर

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेंद्र शुक्ला ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि वे आम जनता से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने आवेदक को की गई कार्रवाई की सूचना देने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीएल बैठक ली, जिसमें उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से उनके पास लंबित प्रकरणों की क्रमबद्ध समीक्षा की और उनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने विकासखण्डों में सेक्टर वार आयोजित किए जा रहे जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने आम जनता से प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए उनके निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन की भी क्रमबद्ध समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के सकारात्मक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कहा। बैठक में नवगठित जिला सक्ती की ओएसडी सुश्री नुपूर राशि पन्ना, सक्ती एसडीएम सुश्री रेना जमील, अपर कलेक्टर लीना कोसम, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

दूसरों के खाते से पैसे उड़ाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। दूसरों के बैंक खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर पैसों का गबन करने वाले शातिर गिरोह को पकड़ने में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रार्थी सुखदेव कश्यप जो पूर्व में सिंचाई विभाग में चौकीदार पद से सेवानिवृत्त हुये थे; उनका पेंशन का पैसा भारतीय स्टेट बैंक के खाता में जमा होता था। पेंशन आने पर प्रार्थी ने जब बैंक जाकर पैसे आहरण के लिये विड्राल फार्म भरकर जमा किया तो बैंक से बताया कि आपके द्वारा पूरा पैसा आहरण किया जा चुका है । प्रार्थी को पता चला कि उनके खाते से किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा 45,000/- रूपये को निकाल कर ले गया है। इसकी रिपोर्ट पर पुलिस थाना कोतवाली में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखधडी के संबंध में अप.क्र. 171/2022 धारा 419,420 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

सफलतापूर्वक चल रहा है पैराडाइज स्कूल में क्रिएटिव समर कैंप

कांकेर/नवप्रदेश। कला संगीत एवं खेलकूद और भाषायी, कौशल के विकास के लिए क्रिएटिव समर कैंप का आयोजन प्रशिक्षकों के सहयोग से पैराडाइज स्कूल में किया जा रहा है। जिसमें सुबह 6:30 से 9:30 बजे तक बच्चे योगा, मेडीटेशन, एरोबिक्स, गायन, वाद्य यंत्रों को बजाना, क्लासिकल एवं वेस्टन डांस, स्पोकन इंग्लिश, कोडिंग, रोबोटिक्स का कोचिंग एक्सपर्ट प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागी 12 मई तक भाग ले सकते है। 2 मई से प्रारंभ हुए इस क्रिएटिव समर कैंप आगामी 25 मई तक जारी रहेगा। प्रतिदिन बच्चे उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए योगा, ध्यान, एरोबिक्स, नृत्य एवं गायन तथा वाद्य यंत्रों को बजाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इस प्रशिक्षण में रामेश्वरी साहू द्वारा योगा, ध्यान, एरोबिक्स, गौरव टांडिया द्वारा क्लासिकल एवं वेस्टन डांस, कुणाल पाण्डे द्वारा वाद्य यंत्रों को बजाने, प्रीति झा द्वारा स्पोकन इंग्लिश एवं प्रतीक सिंग ठाकुर द्वारा कोडिंग व रोबोटिक्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। गौरव टाडिया द्वारा क्लासिकल एवं वेस्टन डान्स का प्रशिक्षण अनुष्का मेश्राम, यासिका मीना, भव्या बिस्वाल, मिहिर मण्डावी, चेतना निर्मलकर, यासिका तुरकार, हिमांशी देवांगन, नौसिद्ध नेताम, केनिसा नेताम, श्लोक महलवार, सतिकक्षी सेन, चंचल मरकाम, प्रखर विश्वकर्मा, महक ठाकुर, भार्गवी नेताम, भूमिका यादव, दुरुविका यादव, आन्या पारूथी, दिव्यांश ठाकुर, पूर्वाशी नेताम आदि बच्चों को दिया जा रहा है। प्रतीक सिंह ठाकुर द्वारा कोडिंग व रोबोटिक्स का प्रशिक्षण चेष्ठा नेताम, सष्ठी नेताम, स्नेह मण्डावी हिमांशु सिन्हा, मधुशुदन बिसवाल, मसर्रत आदि बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुणाल पाण्डे द्वारा वाद्य यंत्रों को बजाने का प्रशिक्षण डेमन यादव, समिष्ठा दास, जानवी कनोजिया, आर्यन नायक, हितेश नायक, शेख मुसर्रत, आदि बच्चों को दिया जा रहा है।

कलेक्टर-एसपी ने गौठान, आंबा और स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर चन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने चारामा विकासखण्ड के ग्राम गितपहर, टांहकापार और ग्राम पुरी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनीं तथा समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र गितपहर,हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर टांहकापार तथा गितपहर के गौठान का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। गौठान में गोबर की खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जा रहा है, 01 लाख 38 हजार का वर्मी कम्पोस्ट और 01 लाख 33 हजार रूपये के केंचुआ का विक्रय किया जाकर महिला स्व-सहातया समूह को शुद्ध आमदनी प्राप्त हुई है। कृष्णा महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों द्वारा गौठान में सब्जी-भाजी की खेती की जा रही है, जिससे उन्हें 12 हजार की आमदनी हुआ है। गौठान में बकरी पालन का कार्य भी किया जा रहा है, जिसके लिए शासन द्वारा 20 बकरी और 02 बकरा प्रदाय किये गये हैं, लेयर फार्मिंग का कार्य भी जल्दी शुरू किया जायेगा। मशरूम उत्पादन के लिए शेड का निर्माण किया जा रहा है, जिसे जल्दी पूरा करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं। गौठान निरीक्षण के बाद कलेक्टर, एसपी ने गितपहर के आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन करते हुए बच्चों अनौपचारिक शिक्षा तहत खेल-खेल में फल, फूल एवं पक्षियों को पहचान कराने के साथ ही अनौपचारिक शिक्षा देने के लिए कार्यकर्ता को समझाईश दी। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती एवं पोषक माताओं तथा कुपोषित बच्चो को पौष्टिक गर्म भोजन जैसे-कोदो का खिचड़ी, रागी का हलवा दिये जाने तथा ग्राम, स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन के सबंध में भी जानकारी लिया गया और बच्चों एवं माताओं के टीकाकरण के संबंध में भी जानकारी ली गई।

शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर इफ्फत आरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिले प्रवास के दौरान किए गए घोषणा एवं दिए गए निर्देशों का त्वरित निराकरण करने एवं संबंधित विभाग के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा समय अवधि में निराकरण करने निर्देश दी। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के निर्देश दी है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, एसडीएम प्रकाश सिंह राजपूत, रवि सिंह, दीपिका नेताम, डिप्टी कलेक्टर वहीं दूर्रहमान, उत्तम रजक, डीएसपी नंदनी ठाकुर एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मितान योजना के तहत कमिश्नर ने घर पहुंच कर दिया जन्म प्रमाण पत्र

रायगढ़/नवप्रदेश। मितान योजना के लाभार्थी को उनकी नवजात बिटिया का जन्म प्रमाण-पत्र नगर निगम कमिश्नर संबित मिश्रा ने उनके घर पहुंच कर प्रदान किया। इस दौरान कमिश्नर ने हितग्राही से योजना के संबंध में फ ीडबैक लिया। हितग्राही ने योजना को नागरिकों के लिए कई मायनों में अत्यंत सुविधाजनक बताते हुए इसकी सराहना की। टीवी टावर दीनदयाल पुरम एमआइजी-27 निवासी सुशील मिश्रा पत्नी पारुल अवस्थी को 29 अक्टूबर 2021 को पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई, जिसका नाम उन्होंने गार्गी मिश्रा रखा है। रविवार को उन्होंने मितान योजना के टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर कर जन्म प्रमाण पत्र बनाने का आवेदन किया था। इस दौरान मितान ने कॉल पर उनके घर पहुंचकर जन्म प्रमाण से संबंधित दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड किया। इसके बाद बुधवार को गार्गी मिश्रा का जन्म प्रमाण पत्र बन गया। इस पर कमिश्नर मितान मोहन के साथ टीवी टावर दीनदयाल पुरम स्थित हितग्राही के निवास पर जाकर पुत्री की माता पारुल अवस्थी को जन्म प्रमाण पत्र दिया

प्रथम पेज का शेष

शासन की सभी योजनाएं ...

ने अम्बिकापुर के विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाएं आम नागरिकों को केंद्र में रखकर बनाई गई है ताकि उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सहज उपलब्ध हो सके। आज छत्तीसगढ़ में स्थितियां बदल चुकी है, यहां खुशहाली है और लोग भाईचारे के साथ आपस में मिलजुल कर रह रहे हैं, निश्चित ही इसमें राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों की भी बड़ी भूमिका है। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, विधायक डॉ. प्रीतम राम, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

लोगों का काम समय पर हो तो उन्हें संतुष्टि होती है : मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि यदि लोगों का काम समय पर हो तो उन्हें सन्तुष्टि होती है। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आमजन से प्राप्त आवेदनों का वे शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें और इसकी समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पृथक से की जाए। साथ ही अधिकारी प्राप्त आवेदनों की पावती देने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने गत दिवस निरीक्षण किये उप स्वास्थ्य केंद्र के सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि अच्छी व्यवस्था से लोगों को लाभ मिलता है और शासन की भी यही मंशा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों की जरूरतों का भी शासन ध्यान रख रही है शिक्षा स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं जितनी अच्छी होंगी, उसका लाभ वहां कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को भी मिलेगा। शासकीय संस्थानों में बेहतर सुविधा देने के लिए यदि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की जाए और यह सोचा जाए कि हम सबसे बेहतर कार्य करेंगे तो हर स्तर में सेवा में सुधार होगा।

सीएम ने पूछा, भीड़ ...

देखकर मुख्यमंत्री ने भी किसानों को बधाई दी और किसानों के लिए ताली बजवायी। पटेला गांव के किसान रामकुमार गुप्ता ने बताया कि उनका 2 लाख रुपये का ऋण माफ हुआ था, जिससे उन्हें बहुत ही आर्थिक मदद मिली। उन्होंने बताया कि कर्जा माफ होने से उन्होंने ट्रेक्टर खरीद लिया, जिससे खेती और अच्छे से कर पा रहे हैं। इस बार उन्होंने 500 बोरा धान बेचा है, जिससे अच्छा लाभ हुआ है। इसके अतिरिक्त अब वे बच्चों को अच्छे से पढ़ा भी पा रहे हैं।

दो नव विवाहित जोड़ों को...

सीएम ने मई दिवस पर अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री मितान योजना का प्रदेशव्यापी शुभारंभ किया था। इस योजना के माध्यम से सभी नागरिकों विशेषतः बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं निरक्षरों को घर बैठे आसानी से 100 प्रकार की सेवाएं घर बैठे ही मिल सकेंगी। अभी वर्तमान में 14 नगर निगमों में 13 प्रकार की सेवा उपलब्ध होगी। नागरिकों को सेवाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण पारदर्शिता के साथ उनके डोर-स्टेप पर मिलेगा।

सरमना में की ...

कराया जाएगा, संभव न हो तो लिंक कोर्ट शुरू करेंगे

राजद्रोह कानून पर...

एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी ने भी अपनी याचिका में कहा है कि राजद्रोह कानून संविधान के अनुच्छेद 14 और 19(1)(ए) का उल्लंघन करता है।

समीक्षा होने तक दर्ज होते ...

केस दर्ज होने को रोका नहीं जा सकता है। ऐसा करना गलत होगा।'

वरिष्ठ अधिकारी की मंजूरी पर ही दर्ज होगा केस

हालांकि केंद्र सरकार ने ऐसे मामलों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संस्तुति दिए जाने पर ही दर्ज किए जाने की बात कही है। केंद्र सरकार ने कहा कि देशद्रोह के मामलों में स्क्रूटनी के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी होगा और उसकी रिपोर्ट न्यायिक कार्रवाई के लिए जरूरी होगी।'

केंद्र ने कहा, इस कानून पर अभी से रोक लगाना सही नहीं

इसके साथ ही केंद्र सरकार ने कहा कि फिलहाल देशद्रोह कानून पर रोक लगाने का फैसला देना गलत होगा, जिसे संवैधानिक बेंच ने भी बरकरार रखने की बात कही थी। केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए अदालत में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जहां तक लंबित मामलों की बात है तो उनमें से हर मामले की गंभीरता के बारे में हमें मालूम नहीं है। इनमें से कुछ मामलों में टेरर ऐंगल हो सकता है, जबकि किसी केस में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला हो सकता है। लंबित मामलों अदालतों के समक्ष विचाराधीन हैं और हमें उनकी प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ दौरे पर...

जानकार मिशन-2023 और 2024 से जोड़कर देख रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव 13 मई को दिल्ली से भुवनेश्वर पहुंचेंगे। वहां वे भाजपा कार्यालय में बैठक लेंगे। इसके बाद वे भुवनेश्वर से तलचर रेलवे स्टेशन के लोडिंग प्वाइंट जाएंगे। कोल परिवहन सहित विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा बैठक लेंगे। यहां से वे झारसुगुड़ा जाएंगे। रात 11 बजे वे झारसुगुड़ा से अंबिकापुर के लिए रवाना होंगे। 14 मई को सुबह 9 से 10:30 बजे तक अंबिकापुर में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर को कोरबा पहुंचेंगे। कोरबा में वे एरिया साइडिंग का विजिट करेंगे और रिव्यू मीटिंग लेंगे। कोरबा रेलवे स्टेशन से ट्रेन में रायपुर आएंगे। रात साढ़े 8 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे। बता दें कि इससे पहले आकांक्षी जिलों में योजनाओं की हकीकत देखने 9 मंत्री पहुंच चुके हैं।

मोहाली पुलिस मुख्यालय...

हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की गई है। इस हमले के बाद सीएम भगवंत मान से मीडिया से कहा था कि जिसने भी माहौल खराब करने की कोशिश की। उसे बख्शा नहीं जाएगा।

राजनीतिक दलों ने बताया इसे परेशान करने वाली वारदात

मोहाली में सेक्टर 77 स्थित पुलिस के खुफिया इकाई के मुख्यालय परिसर में सोमवार रात रॉकेट चालित ग्रेनेड से हमला किया गया था जिससे इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए थे। इस घटना को एक बड़ी खुफिया विफलता के रूप में देखा गया था। इस इमारत में राज्य की 'काउंटर इंटेलिजेंस विंग', विशेष कार्य बल और कुछ अन्य इकाइयों के ऑफिस हैं। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ था। राजनीतिक दलों ने इसे 'परेशान करने वाली' और 'चौंकाने वाली' वारदात बताया था।

ग्रामीणों को हाईकोर्ट का...

हिस्से में खनन हो गया उसके अलावा किसी भी अन्य इलाके में खनन नहीं किया जाए। इस रिपोर्ट के आने के बाद भी छत्तीसगढ़ सरकार ने परसा ईस्ट केते बासन खदान के दूसरे चरण और परसा खदान को अनुमति दे दी है। इसमें 4 लाख 50 हजार पेड़ काटे जाएंगे। इसकी वजह से इस क्षेत्र में हाथियों और इंसानों के बीच संघर्ष बढ़ जाएगा।

कार्यालय अधीक्षक जिले जेल सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

निविदा सूचना का प्रारूप (नियम 4.4.2)

तृतीय वार्षिक/ अर्द्धवार्षिक निविदा वर्ष 2022-23

निविदा विज्ञाप्ति क्र. 05/2022 — दिनांक 05.05.2022

जिला जेल सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) में परिरूद्ध बंदियों हेतु खाद्यान्न सब्जियां एवं अन्य आवश्यक सामग्रियां क्रय करने के लिए वर्ष 2022-23 हेतु सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रु. 5000/- (रू. पांच हजार मात्र) नगद भुगतान कर निविदा दिनांक 30.05.2022 के एक दिन पूर्व तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किए जा सकते हैं।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि :- 28.05.2022 समय संध्यौ 5.00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 30.05.2022 समय अपरान्ह 03.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि :- 30.05.2022 समय अपरान्ह 04.00 बजे।
स्थान :- जिला जेल सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)

जी-91000/4

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल सूरजपुर
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, मस्तूरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

प्रकरण क्रमांक 14/अ-82/2019-20/2293 — बिलासपुर, दिनांक 05/05/2022

प्रारूप - "क"

राज्य शासन के कार्यपालन अधिकारी, खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर को पूरक प्रकरण भरारी व्यपवर्तन योजना अंतर्गत फीडर नहर निर्माण के लिए अर्जित की जाने वाली भूमि का विवरण ग्राम भरारी प.ह.नं. 45 रा.नि.म. व तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर की भूमि क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर आधार सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। विवरण निम्नानुसार है :-

ग्राम भरारी, प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. मस्तूरी, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

स. क्र.	कास्तकार का नाम/पिता का नाम	खसरा नं.	क्रय की जाने वाली भूमि		भूमि का निर्धारित प्रतिफल	पुनर्वास अनुदान	कुल देय राशि
			एकड़	हेक्टेयर			
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राजोबाई व मंतरसिंह सा. दे. भू.स्वा	708	0.06	0.024	74122	37061	111163
2	केजिनबाई वेबा रामप्रसाद सा.देह भू.स्वा	703/2	0.05	0.020	61768	30884	92652
3	जुगरीबाई पति बिसाहू सा.देह भ.स्वा.	618/6	0.05	0.020	61768	30884	92652
4	श्यामलाल पिता मुकुतराम सा. देह भू. स्वा.	695	0.50	0.202	623856	311928	935784
5	विशाल पिता कलश सा.देह भू.स्वा.	720/1	0.27	0.109	336636	168318	504954
6	मिथलेश्वर रामकुमार पिता अनंदराम सा.देह. भू. स्वा.	616/8	0.03	0.012	37060	18530	55590
	कुल योग	6	0.96	0.387	1195210	597605	1792815

कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित प्रारूप क

जी-91012/2

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी मस्तूरी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

चीन ने कोविड नीति पर डब्ल्यूएचओ प्रमुख की टिप्पणी को किया सेंसर

बीजिंग (वार्ता)। चीन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेसस की बीजिंग की शून्य-कोविड नीति से असहमति पर टिप्पणी को बुधवार को सेंसर कर दिया। चीन में ओमिक्रॉन मामलों में हालिया वृद्धि और कड़े लॉकडाउन के बीच श्री टेड्रोस ने कहा, ÷जब हम शून्य-कोविड रणनीति के बारे में बात करते हैं, तो हमें नहीं लगता कि यह टिकाऊ है। अभी वायरस के रूख को देखते हुए और हम भविष्य में क्या अनुमान लगाते हैं।÷ उन्होंने कहा,÷हमने चीनी विशेषज्ञों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की है और हमने संकेत दिया है कि दृष्टिकोण टिकाऊ नहीं होगा। मुझे लगता है कि एक बदलाव बहुत महत्वपूर्ण होगा।÷ कई चीनी यूजर्स ने वीबो पर इस बयान की आलोचना की है। सीएनएन ने एक यूजर के हवाले से कहा,÷हमारे देश की महामारी की रोकथाम और नियंत्रण नीतियों को विकृत, संदेह या अस्वीकार करने वाले किसी भी शब्द और कृत्यों के खिलाफ दृढ़ता से लड़ें।

हिटलर और स्टालिन से ज्यादा खतरनाक हैं पुतिन : मोराविएकी

वारसॉ (वार्ता)। पोलैंड के प्रधानमंत्री मैटिअस्ज़ मोराविएकी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एडोल्फहिटलर और जोसेफस्टालिन से भी अधिक खतरनाक होने की संज्ञा दी है। टेलीग्राफमे मंगलवार को प्रकाशित एक लेख में÷ वि-पुतिनीकरण÷ की संज्ञा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति की विचारधारा खतरनाक है और वह नयी मीडिया का इस्तेमाल अपने बारे में प्रोपोगेंडा फैलाने में कर रहे हैं। उन्होंने कहा ÷ पुतिन न हिल्टर हैं और न स्टालिन है दुर्भाग्यवश वह इन दोनों से अधिक खतरनाक हैं।÷ रूसी हमले के कारण यूक्रेन के बूचा,इरपिन और मारियुपॉल की सड़कों पर हो रहे निर्दोषों के रक्तपात के लिए पोलैंड के नेता ने पुतिन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने पश्चिमी देशों पर स्मृतिलोप होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इतिहास खुद को नहीं दोहरा सकता यह मानना एक छलावा मात्र है जो इस साल 24 फरवरी को खत्म हो गया। गौरतलब है कि रूप से यूक्रेन के खिलाफ विशेष सैन्य अभियान की शुरूआत 24 अप्रैल को की थी। पॉलिश प्रधानमंत्री ने पश्चिमी देशों पर बेपरवाह रहने का आरोप लगाया जिससे पुतिन 20 सदी की साम्यवादी और नाजीवादी विचारधारा को विकसित कर पाये। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा ÷ हम अपनी आजादी और संप्रभुता को खो देंगे क्योंकि रूस कीव पर हमला करने से रूकेगा नहीं। गौरतलब है कि पोलैंड की यूक्रेन के साथ लगभग 200 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है और वह यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमले के प्रमुख आलोचकों में से एक है।

श्रीलंका में समय पूर्व नहीं होंगे चुनाव : पुचिहेवा

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका चुनाव आयोग प्रमुख निमल पुचिहेवा ने बुधवार को यह कहते हुए देश में शीघ्र चुनाव कराने से इंकार कर दिया कि मौजूदा अशांति के मद्देनजर चुनावों के लिए यह उपयुक्त समय नहीं है। पुचिहेवा ने 'द आइलैंड' समाचारपत्र से कहा कि चुनाव आयोग का मानना है कि यह समय संसदीय चुनावों के लिए अनुकूल नहीं है और गत सोमवार की घटना नहीं हुई होती तो भी चुनाव नहीं कराये जा सकते थे। सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के आवास पर हमला कर उसमें आग लगा दी थी। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति में देश में सरकार चलाने के लिए सर्वदलीय अंतरिम व्यवस्था पर आम सहमति होनी चाहिए और चुनाव से पहले तक आर्थिक संकट को दूर करने के लिए ठोस उपाय अपनाये जाने चाहिए। उन्होंने मौजूदा संकट के समाधान के लिए राजनीतिक, चुनावी और संवैधानिक सुधारों का पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका में अब तक की हिंसा में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और करीब 200 लोग घायल हुए हैं।

नायडू ने दी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर शुभकामनाएं

नई दिल्ली (वार्ता)। उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। श्री नायडू ने बुधवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि वर्ष 1998 में इसी दिन भारत द्वारा किए गए परमाणु परीक्षण सदैव ही, राष्ट्रनिर्माण में हमारे वैज्ञानिकों के यशस्वी योगदान के दीप्तिमान प्रतीक रहेंगे। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर देश के मेधावी वैज्ञानिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। सतत बदलती टेक्नोलॉजी के युग में, देश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य है।

कल्याण ज्वैलर्स का 2021-22 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ घटा

मुंबई (वार्ता)। देश में आभूषणों का कारोबार करने वाली कंपनी कल्याण ज्वैलर्स इंडिया का 31 मार्च 2022 को समाप्त हुयी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ हल्का गिरकर 72 करोड़ रुपये रहा। बिक्री आय में गिरावट के चलते लाभ पर असर पड़ा है। पिछले साल कंपनी को चौथी तिमाही में 74 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जनवरी-मार्च 2022 तिमाही में उसका कुल राजस्व 6.54 प्रतिशत गिरकर 2,857 करोड़ रुपये रहा जोकि वर्ष 2021 की इसी तिमाही में 3,057 करोड़ रुपये था। कल्याण ज्वैलर्स इंडिया के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरमन ने कहा,''चौथी तिमाही के लिए तुलना का आधार ऊंचा था। इसके अलावा इस तिमाही में आधे समय ओमिक्रॉन की लहर के कारण उसके विभिन्न शोरूम का परिचालन प्रभावित हुआ। इस तिमाही में यूक्रेन में भू-राजनीतिक स्थिति के संबंधित प्रभाव से सोने की कीमतों में अस्थिरता दिखायी दी। यह तिमाही हल्की गिरावट के साथ समाप्त हुयी पर हम कुल मिलाकर परिणाम से संतुष्ट हैं।'' कंपनी का पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में समेकित शुद्ध लाभ 224 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 275 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का राजस्व 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,818 करोड़ रुपये रहा। यह कंपनी का अबतक किसी भी वित्त वर्ष में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वित्त वर्ष 2020-21 में यह 8,573 करोड़ रुपये था। वर्तमान में कल्याण ज्वैलर्स के भारत के 21 राज्यों में 154 शोरूम हैं और कंपनी मध्य पूर्व के चार देशों में भी कारोबार कर रही हैं।

डीएचएल सप्लाई चेन के इंडिया फुलफिलमेंट नेटवर्क का विस्तार

नई दिल्ली (वार्ता)। कॉन्ट्रैक्ट लॉजिस्टिक्स कंपनी डीएचएल सप्लाई चेन ने अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली में अपने इंडिया फुलफिलमेंट नेटवर्क (आईएफएन) का विस्तार किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बेंगलुरु के पहले फुलफिलमेंट नेटवर्क को मिली सफलता के बाद अब देश के इन तीन प्रमुख शहरों में इसका विस्तार किया गया है। यह सेक्टर के लिये अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं के विस्तार द्वारा भारत के ईकॉमर्स परितंत्र की वृद्धि पर कंपनी के ध्यान के अनुरूप है। डीएचएल सप्लाई चेन ने इंडिया फुलफिलमेंट नेटवर्क के माध्यम से अब तक क्षमता निर्माण में 25 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया है। उसने कहा कि आईएफएन को बी2सी फुलफिलमेंट की प्रक्रिया आसान बनाने के लिये तैयार एक लॉन्च पैड के रूप में डिजाइन किया गया है।

श्रीलंका में पीएम आवास पर पथराव, पेट्रोल बम से हमला

राष्ट्रपति राजपक्षे का आदेश- दंगाइयों को गोली मारो

- ■ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने 12 मई तक बढ़ाया देशव्यापी कर्फ्यू
- ■ हिंसक प्रदर्शनों से श्रीलंका में हालात हर दिन हो रहे खराब
- ■ हिंसा में 8 लोगों की मौत, 200 से ज्यादा जख्मी
- ■ रक्षा मंत्रालय ने दिए दंगाइयों को गोली मारने का आदेश,

कोलंबो। श्रीलंका में हालात दिनों-दिन खराब होते जा रहे हैं। हिंसक प्रदर्शनों में 200 लोग घायल हो गए हैं और 8 लोगों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद हिंसक झड़पें हो रही हैं। दंगाइयों ने कई नेताओं के घर जला दिए। प्रधानमंत्री के सरकारी आवास को घेरकर उसमें पेट्रोल बम फेंके तथा गाड़ियों को जला दिया गया है।

टेंपल ट्री' निवास में घुसने की कोशिश

प्रदर्शनकारियों ने 'टेंपल ट्री'निवास में भी घुसने की कोशिश की। यहां पूर्व प्रधानमंत्री अपने परिवार के साथ छिपे हुए थे। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे तथा हवा में गोलियां चलाईं। हिंसक प्रदर्शनों के बीच मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और उनके परिवार सुरक्षित पहुंचने की खबरें थी। उन्हें श्रीलंका के उत्तर-पूर्वी में स्थित पोर्ट सिटी त्रिंकोमाली के नेवल बेस पर छिपाए जाने की जानकारी थी। इसके बाद शहर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

राजपक्षे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी

प्रदर्शनकारी राजपक्षे को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को थल सेना, वायुसेना और नौसेना कर्मियों को सार्वजनिक संपत्ति को लूटने या आम लोगों को चोट पहुंचाने वाले किसी भी दंगाई को गोली मारने का आदेश दिया। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे द्वारा लोगों से 'हिंसा और बदले की भावना वाले कृत्य' रोकने की अपील के बाद मंत्रालय का यह आदेश सामने आया है।

दरअसल सोमवार को प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफा देने के कुछ ही घंटों बाद सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने उनके पैतृक आवास में लगा लगा दी। इतना ही नहीं, आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने उनके सरकारी आवास में भी घुसने और इसे नुकसान पहुंचाने की भरपूर कोशिशें कीं। ये सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा जब हजारों प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के सरकारी आवास के मुख्य द्वार को तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। इसके बाद हथियारों से लैस सैनिकों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए श्री राजपक्षे और उनके परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला।

देश में एक दिन में 2,986 लोगों ने कोरोना को दी मात

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में उतार-चढ़ाव के बीच पिछले 24 घंटे में 2,986 लोग कोविड मुक्त हुए, जिसके साथ इस बीमारी से स्वस्थ होने वालों का आकड़ा बढ़कर 4,25,66,935 हो गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि देश अब तक एक अरब 90 करोड़ 67 लाख 50 हजार 631 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। इस समय देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 0.05 प्रतिशत, रिकवरी रेट 98.74 फीसदी तथा मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 2,897 नये मामले सामने आये हैं। इस दौरान 54 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,24,157 हो गया है।

राष्ट्रीय राजधानी में सक्रिय मामले 102 बढ़कर 5,471 हो गए हैं। वहीं 1,015 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 18,64,517 पर पहुंच गया जबकि मृतकों की संख्या 26,183 हो गया।

महाराष्ट्र में इस दौरान सक्रिय मामले 60 बढ़कर 1,403 हो गये हैं। राज्य में 161 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 77,30,370 हो गयी। मृतकों का आंकड़ा 147849 हो गए।

गुजरात में 21 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 173 हो गयी है। पिछले 24 घंटों में यहां 12 लोगों के स्वस्थ होने से महामारी से उबरने वालों की संख्या 12,13,446 हो गयी है। जबकि मृतकों की संख्या 10,944 पर स्थिर है।

पश्चिम बंगाल में सक्रिय मामले नौ बढ़कर 417 हो गये हैं। इस दौरान कोरोना मृतकों का आंकड़ा 21,203 पर स्थिर रहा। राज्य में संक्रमणमुक्त लोगों की संख्या 37 बढ़कर 19,97,026 हो गयी। कर्नाटक में कोरोना के सक्रिय मामले एक बढ़कर 1,926 रह गये हैं जबकि 128 लोगों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 39,06,935 हो गयी है। मृतकों का आंकड़ा 40,105 पर स्थिर है।

मध्य प्रदेश में एक सक्रिय मामले बढ़कर 200 हो गये।

मार्कोस जूनियर का फिलीपींस चुनाव में जीत का दावा

मनीला (वार्ता)। फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने बुधवार को फिलीपींस चुनावों में राष्ट्रपति पद के लिए आधिकारिक मतगणना लंबित होने के बावजूद जीत का दावा किया और कहा कि लोगों ने निर्णायक मतदान किया है।

'बोंगबोंग' के नाम से प्रसिद्ध मार्कोस जूनियर दिवंगत तानाशाह के पुत्र हैं। चीफ ऑफ स्टाफ और प्रवक्ता विक्टर रोड्रिगेज ने कहा कि उन्होंने 'सभी फिलीपींस वासियों के राष्ट्रपति' होने की कसम खाई थी।

सीएनएन के अनुसार आंशिक और अनौपचारिक परिणाम के मुताबिक 98 प्रतिशत मतों की गिनती के साथ मार्कोस जूनियर को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निवर्तमान उपराष्ट्रपति लेनी रोब्रेडो की तुलना में 3.1 करोड़ वोट मिले। सुश्री रोब्रेडो को लगभग 1.4 करोड़ वोट मिले।

प्रवक्ता ने कहा,÷ऐतिहासिक संख्या में, लोगों ने हमारे देश को एकजुट करने के लिए अपने लोकतांत्रिक वोट का इस्तेमाल किया है। यह सभी फिलिपिनो और लोकतंत्र के लिए एक जीत है। बोंगबोंग के लिए मतदान करने वालों और जिन्होंने नहीं किया दोनों के लिए। यह उनका वादा है सभी फिलिपिनो के लिए एक राष्ट्रपति बनेंगे। राजनीतिक विभाजन के बीच आम जमीन तलाशने और राष्ट्र को एकजुट करने के लिए मिलकर काम करने का भी संकल्प व्यक्त किया गया है।÷ मार्कोस जूनियर ने अधिक नौकरियों, कम कीमतों और कृषि तथा बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश का वादा किया है।

अगर उनकी जीत की पुष्टि हो जाती है, तो देश में 30 से अधिक वर्षों के बाद मार्कोस परिवार की सत्ता में वापसी होगी।

जिंदल स्टेनलेस दिल्ली-मेरठ रैपिड ट्रेन के लिए देगी 2000 टन विशेष स्टील

नई दिल्ली (वार्ता)। स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस दिल्ली और मेरठ के बीच भारत की पहली क्षेत्रीय तीव्र रेल परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) के लिए बनायी जा रही ट्रेनों के लिए एल्सटॉम इंडिया को विशेष किस्म के स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति कर रही है। जिंदल स्टेनलेस ने बुधवार को एक बयान में बताया कि इस परियोजना के तहत जिंदल स्टेनलेस 210 ट्रेनों को तैयार करने के लिए एल्स्टॉम को 2जे फिनिश में विश्व-स्तरीय 301एलएन श्रेणी के 2000 टन स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति करेगी। स्टेनलेस स्टील का उपयोग ट्रेन के लिए ढांचा, दीवार, छत और अन्य चीजों को बनाने में किया जाएगा। स्टेनलेस स्टील से बनी आरआरटीएस ट्रेन का वजन कम है।

उड़ीसा : 43,000 छात्रों ने छोड़ दी दसवीं कक्षा की परीक्षा

सरकार भी हैरान; जांच के आदेश

भुवनेश्वर। उड़ीसा में 43,000 से ज्यादा छात्रों द्वारा दसवीं की परीक्षा छोड़े जाने को लेकर राज्य सरकार भी हैरान है। उड़ीसा सरकार ने इस साल की हाई स्कूल सर्टिफिकेट (एचएससी) परीक्षा में 43,489 दसवीं कक्षा के छात्रों की अनुपस्थिति की जांच का आदेश दिया है। जांच के आदेश तब दिए गए हैं जब स्कूल और जन शिक्षा विभाग द्वारा यह पाया गया कि जिन 5.71 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए फॉर्म भरा था, उनमें से केवल 5.3 लाख ही असल में उपस्थित हुए थे। स्कूल और जन शिक्षा सचिव विष्णुपद सेठी ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को पत्र लिखकर अपने-अपने जिलों में बड़े पैमाने पर छात्रों की अनुपस्थिति की जांच करने को कहा है। डीईओ को अपने जिलों का स्कूलवार विश्लेषण करने और 10 दिनों के भीतर एक रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया गया है। सबसे अधिक अनुपस्थितियां मयूरभंज, गंजम और बोलांगीर जिलों से दर्ज की गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसई) द्वारा आयोजित एचएससी परीक्षाएं 30 अप्रैल से शुरू हुई थीं और राज्य के 3,540 केंद्रों पर आयोजित की गईं। 2021 में केवल 4,412 छात्र परीक्षा से चूके थे। रिपोर्ट के मुताबिक, स्कूल और जन शिक्षा सचिव ने कहाः इस साल एचएससी परीक्षा से हजारों उम्मीदवारों की अनुपस्थिति निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

नहीं थम रहा शेयर बाजार का गिरना

मुंबई (वार्ता)। अमेरिका में महंगाई के जारी होने वाले आंकड़े पर फेड रिजर्व के ब्याज दर को लेकर रुख के इंतजार में वैश्विक बाजार में आई तेजी के बावजूद घरेलू शेयर बाजार के गिरने का सिलसिला आज भी नहीं थमा और इंडस्ट्रियल्स, आईटी, दूरसंचार, कैपिटल गुड्स और टेक समेत 15 समूहों में हुई बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी आधे प्रतिशत की गिरावट पर रहे।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 276.46 अंक उतरकर 54088.39 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 72.95 अंक फिसलकर 16167.10 अंक पर आ गया।

बीएसई की दिग्गज और मझौली कंपनियों के मुकाबले छोटी कंपनियों पर बिकवाली का दबाव अधिक रहा। इस दौरान मिडकैप 0.46 प्रतिशत कमजोर होकर 22,140.97 अंक वहीं स्मॉलकैप 2.23 प्रतिशत लुढ़ककर 25,495.92 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3514 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2594 में गिरावट जबकि 801 में तेजी रही वहीं 119 के भाव स्थिर रहे। इसी तरह एनएसई में 28 कंपनियां लुढ़की जबकि 22 में बढ़त देखी गई। बीएसई में वित्त, बैंकिंग, तेल एवं गैस और रियल्टी समूह की 0.92 प्रतिशत की मजबूती को छोड़कर शेष 15 समूहों में बिकवाली हावी रही। इस दौरान सीडीजीएस 1.04, इंडस्ट्रियल्स 1.39, आईटी 1.50, दूरसंचार 1.22, कैपिटल गुड्स 1.63, टेक 1.07, ऑटो 0.96 और एफएमसीजी समूह के शेयर 0.90 प्रतिशत टूटे। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.08, जर्मनी का डैक्स 1.03, जापान का निक्केई 0.18 पर रहा।

पेट्रोल-डीजल के दाम 35वें दिन भी स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को 35वें दिन भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को 110 डॉलर प्रति बैरल की कीमत को पार कर चुकी कच्चे तेल की कीमतों में आज हल्की नरमी दिखी।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

पाकिस्तानी मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तानी मुद्रा बुधवार को दिन में अंतरबैंक बाजार में हुए कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के अपने सबसे निचले स्तर 190 पाकिस्तानी रुपये पर पहुंच गयी।

जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरबैंक बाजार में दिन के कारोबार के दौरान पाकिस्तान की स्थानीय मुद्रा 190.07 रुपये पर कारोबार कर रही थी जो मंगलवार के रिकॉर्ड निचले स्तर 188.66 रुपये से भी नीचे चली गयी है।

इस बीच पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) 500 अंकों से अधिक नीचे गिर गया।

एक पाकिस्तानी विश्लेषक ने इस गिरावट को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ऋण कार्यक्रम के पुनरुद्धार के संबंध में अनिश्चितता के कारण कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा कारण विदेशी मुद्रा भंडार में कमी भी हो सकती है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल के अंत में आईएमएफ ने पाकिस्तान को पेट्रोलियम उत्पादों और बिजली पर सब्सिडी वापस लेने के लिए कहा था ताकि ऋण कार्यक्रम को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सके। इसके मूल में सब्सिडी का मामला था जो एक महीने में 90 अरब रुपये से अधिक की खपत कर रही थी जो कि नकदी की कमी वाला देश (पाकिस्तान) बर्दाश्त नहीं कर सकता था।

दिल्ली के द्वारका में चला बुलडोजर

अब नजफगढ़, मधु विहार सीलमपुर की बारी

- ■ दिल्ली में लगातार तीसरे दिन अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला
- ■ पहले दिन शाहीन बाग, दूसरे दिन न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और मंगोलपुरी में कार्रवाई
- ■ बुधवार को निगम के बुलडोजर ने द्वारका सेक्टर तीन में तोडफ़ोड़ की
- ■ अब सीलमपुर, नजफगढ़, मधु विहार में गरजेगा बुलडोजर

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अवैध कब्जा हटाने के लिए बुलडोजर चल रहा है। इसी क्रम में पहले दिन शाहीन बाग, दूसरे दिन न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और मंगोलपुरी और तीसरे दिन यानी बुधवार को नगर निगम का बुलडोजर नॉर्थ दिल्ली पहुंचा। बुलडोजर ने दिल्ली के द्वारका सेक्टर तीन में सड़क किनारे अवैध निर्माण को तोड़ दिया है।

इससे पहले मंगलवार को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, मंगोलपुरी समेत कई स्थानों से अतिक्रमण हटाने के लिए दिनभर नगर निगम का बुलडोजर गरजा। भारी पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी के बीच बिना किसी अप्रिय घटना के अभियान पूरा हो गया। दक्षिण निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता सुबह पुलिस बल के साथ पॉश इलाके न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी के बौद्ध धर्म मंदिर, गुरुद्वारा रोड पहुंचा। यहां एक कोठी के बाहर फुटपाथ पर बनाई गई अवैध चारदीवारी और 12 अस्थायी शेड ढहा दिए गए। गुरुद्वारा रोड और आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से बनाए गए खोखे, अस्थायी अवैध निर्माण और दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया। यहां सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद थे। भीड़ ने कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढने दिया।

लोगों को खुले रोड चाहिए-

ईस्ट दिल्ली के मेयर श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा है कि जब जहांगीरपुरी में बुलडोजर चला था तब लोगों की शिकायतें आनी शुरू हुई थी। लोगों को खुले रोड चाहिए। द्वारका के बाद अतिक्रमण हटाने के लिए नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के सीलमपुर, नजफगढ़, मधु विहार में बुलडोजर चलाया जाएगा। ये इलाके काफी भीड़भाड़ वाला है। इसके बाद जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, साईं मंदिर के आसपास के इलाकों में भी एमसीडी का बुलडोजर चलेगा।

जोश टॉक्स ने जुटायी 35 लाख डॉलर की पूंजी

नई दिल्ली (वार्ता)। रीजनल कंटेंट एवं अपस्किलिंग प्लेटफॉर्म जोश टॉक्स ने अंकुर कैपिटल के नेतृत्व वाले राउंड में 35 लाख डॉलर की राशि जुटाई है। कंपनी ने आज यहां बताया कि इस चक्र में पेटीएम के विजय शेखर शर्मा , बेटर कैपिटल के वैभव डोमकुंडवार , शुगर कॉस्मेटिक की विनीता सिंह , ओयो के रितेश अग्रवाल और एक्स नियरबाई के अंकुर वारिकू जैसे प्रमुख निवेशकों के अलावा कई अन्य ने भी हिस्सा लिया। जोश टॉक्स ने इससे पहले न्यूयॉर्क स्थित मीडिया डेवलपमेंट इन्वेस्टमेंट फण्ड (एमडीआइएफ़) से 15 लाख डॉलर की रकम जुटाई थी। यह भारत में यूट्यूब पर गैर-मनोरंजन चैनलों के एक सबसे बड़े नेटवर्क का संचालन करता है।

झीरम घाटी कांड : नए आयोग की कार्यवाही पर हाईकोर्ट की रोक

- नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने आयोग की वैधानिकता को दी है चुनौती
- हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का बहुचर्चित झीरमघाटी कांड की जांच के लिए गठित नए आयोग की सुनवाई और कार्यवाही पर हाईकोर्ट ने बुधवार को रोक लगा दी है। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने राज्य सरकार के नए आयोग के गठन की वैधानिकता को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस अरूप कुमार गोस्वामी और जस्टिस आरसीएस सामंत ने राज्य शासन और आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई अब 4 जुलाई को होगी।

बुधवार को इस मामले में अधिवक्ता विवेक शर्मा के साथ सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट महेश जेठमलानी ने कोर्ट से कहा कि जस्टिस प्रशांत मिश्रा की आयोग ने जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। जिसे 6 माह के भीतर विधानसभा में रखा जाना था लेकिन, सरकार ने रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की और नया आयोग गठित कर दिया है। याचिका में उन्होंने आयोग गठन की प्रक्रिया को भी अवैधानिक बताया है।

राजनीतिक काफिले पर सबसे बड़ा नक्सली हमला

छत्तीसगढ़ में साल 2013 में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में प्रदेश भर में परिवर्तन रैली का आयोजन किया गया था। 25 मई 2013 को सुकमा में परिवर्तन रैली हुई। रैली खत्म होने के बाद कांग्रेस नेताओं का काफिला सुकमा से जगदलपुर के निकला था। जिसमें नंदकुमार पटेल, उनके बेटे दिनेश पटेल, महेंद्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ला, उदय मुदलियार समेत अन्य नेता और कार्यकर्ता 25 गाड़ियों में सवार थे। उस दिन शाम करीब 4 बजे झीरम घाटी के पास नक्सलियों ने पेड़ गिराकर काफिले को रोक दिया और फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में कांग्रेस के ज्यादातर दिग्गज नेताओं की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। इस पूरी वारदात में 29 लोगों की मौत हुई थी।

विधानसभा में प्रस्तुत होनी थी रिपोर्ट

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने अधिवक्ता विवेक शर्मा के माध्यम से पीआईएल दायर कर बताया है कि पूर्व में राज्य सरकार ने झीरम घाटी कांड की जांच के लिए हाईकोर्ट के जस्टिस प्रशांत मिश्रा की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया था। तब से आयोग पिछले आठ साल से इस मामले की सुनवाई कर रही थी। जांच पूरी होने के बाद जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने चीफजस्टिस बनने के पहले अपनी जांच रिपोर्ट राज्य शासन को सौंप दी है। कानून के अनुसार किसी आयोग की जांच रिपोर्ट को छह माह के भीतर विधानसभा में पेश करके सार्वजनिक किया जाना चाहिए लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। राज्य शासन ने करीब पांच माह पहले दो सदस्यीय रिटायर्ड जस्टिस सुनील अग्निहोत्री और जस्टिस मिन्हाजुद्दीन के न्यायिक जांच आयोग का गठन कर दिया है।

सिर कुचलकर महिला की हत्या, घर के आंगन में खाट पर पड़ी थी लाश

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। जिले के हसौद थाना क्षेत्र के चिस्दा गांव में बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला सामने आया है। हत्या की सूचना पर पुलिस ने डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम के साथ मौके पर पहुंचा। हसौद थाना प्रभारी योगेश पटेल से मिली जानकारी के मुताबिक 55 साल की दुकलहिन बाई साहू, घर में अकेली रहती थी। उसका बेटा बजरंगी साहू जो कोरबा में काम करता है और पति की 05 साल पहले रोड एक्सीडेन्ट में मौत हो गई है। बीती रात बुजुर्ग महिला दुकलहिन बाई साहू, घर में ताला लगाकर बाहर आंगन में सोई थी। सुबह जब परिजन उठे तो देखे कि बुजुर्ग महिला की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। शव को देखने से लग रहा है कि पत्थर से सिर को कुचला गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पड़ोसियों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

कोरबा-चिरमिरी मार्ग पर पहुंचा 7 हाथियों का झुंड, घंटों फंसे रहे विधायक

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा-चिरमिरी मार्ग पर मंगलवार देर रात 7 हाथियों का झुंड आ गया। इससे सड़क के दोनों छोर वाहनों की कतार लग गई। इसमें पाली तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा हाथियों के बीच फ ंस गए। विधायक वही घंटों अटके रहे। विधायक की सूचना पर डायल-112 और वन विभाग की टीम पहुंची। इसके बाद हाथियों को वहां से जंगल की ओर भगाया गया। जानकारी के मुताबिक, पाली तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा मंगलवार को दौरे पर निकले थे। रात को लौटने के दौरान वे चोटिया-चिरमिरी मार्ग पर पहुंचे थे कि सामने सड़क पर हाथियों का झुंड दिखाई देने लगा। इस पर ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी। वहीं सड़क पर हाथी होने की जानकारी मिलने पर राहगीर भी अपने वाहन रोक कर खड़े रहे। इसके चलते दोनों ओर से वाहनों की लंबी लाइन लग गई। हाथी घंटों सड़क पर ही मौजूद रहे। इस पर कांग्रेस विधायक की सिक्योरिटी ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डायल-112 और वन विभाग की टीम पहुंची। उन्होंने हाथियों के झुंड को जंगल की ओर भगाया। इसके बाद रास्ता खुला तो लोग निकल सके। हालांकि हाथियों के झुंड को देखकर आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इसके चलते ग्रामीण रात को भी जागने पर मजबूर हो रहे हैं। दूसरी ओर वन विभाग की ओर से क्षेत्र में लोगों को अलर्ट किया जा रहा है।

दंतेवाड़ा में 'लव जिहाद' पर बवाल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 'लव जिहाद' पर बवाल हो गया है। मुस्लिम समुदाय का एक युवक जगदलपुर की हिंदू लड़की को भगाकर ले आया। जिसके बाद बवाल हो गया है। युवती के परिजनों को कहना है कि अभी शादी नहीं हुई है। उनकी बेटी को परिजनों के सुपुर्द किया जाए। इस मामले को लेकर अब विश्व हिंदू परिषद के लोग भी सड़क पर उतर आए हैं। विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने जिला मुख्यालय में चक्काजाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की है। चक्काजाम पर बैठे एक शख्स पर आईपीएस अधिकारी ने लाठीचार्ज करा दिया जिससे लोग और भड़क गए। जिला मुख्यालय पूरी तरह से छावनी के रूप में तब्दील हो गया है। साथ ही व्यापारियों की दुकानों को भी बंद करवा दिया गया है।

स्वच्छता के प्रति अलख जगाने की कोशिशें लाने लगी रंग

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग शहर में स्वच्छता के प्रति अलख जगाने की आयुक्त हरेश मंडावी की कोशिशें रंग लाने लगी है। उनकी पहल का ही सकारात्मक असर है कि दुर्ग शहर की फिजा में स्वच्छ परिवर्तन महसूस किया जा रहा है। निगम के अधिकारी-कर्मचारी तो इसके लिए सजग है हीं, वार्ड स्तर पर स्व सहायता समूह की महिलाएं भी लोगों को जागरूक करने में महती भूमिका निभा रही हैं। सफाई करने का सिस्टम इतना व्यवस्थित और जोरदार है कि शहर में गंदगी अब नजर नहीं आ रही है। लोग भी निगम प्रशासन का बखूबी साथ दे रहे हैं और कचरा यहां वहां फैलाने से बचने लगे हैं। यह आयुक्त मंडावी के नेतृत्व का ही कमाल है। नगर निगम सीमान्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत दुर्ग द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से वार्ड 38 मिलपारा में स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूह की सदस्यों एवं वार्डवासियों ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाते हुए जन जागरूकता फैलाने का काम किया। साथ ही लोगों को स्वच्छता संबंधी जानकारी भी दी।

अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से नर चीतल की मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। जंगल से गुजरने वाले रास्तों पर वाहनों की तेज रफ्तार दुर्लभ वन्यजीवों के लिए काल बन रही है। इन रास्तों पर गति सीमा से अधिक रफ्तार से दौड़ने वाले वाहनों की चपेट में दर्जनों वन्यजीवों की मौत हो चुकी है। हादसे करने वाले वाहन बहुत कम ही पकड़ में आते हैं। वन विभाग सिर्फ अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। वाहन पकड़ में न आने के कारण कार्रवाई के मामले में विभाग लाचार नजर आता है। अब एक दफा फिर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में अज्ञात वाहन चीतल के लिए काल बन गया। दरअसल, एक नर चीतल सड़क पर मृत अवस्था में मिला। संभावना है कि सड़क क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन चालक अपनी चपेट में ले लिया जिससे चीतल की मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह करीब छह बजे रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा और बंजारी के बीच एक जंगल से निकलकर चीतल रोड क्रॉस कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मार दिया। इससे चीतल की मौके पर मौत हो गई।

नियमों का नहीं होता पालन

वन विभाग ने वन्यजीव बहुल क्षेत्रों में गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की चेतावनी वाले संकेतक बोर्ड लगवा रखे है। बावजूद इसके वाहन चालक इनकी परवाह किए बिना फर्राटे से वाहन चलाते हैं। रोड पर कई जगह वन चौकियां भी स्थापित हैं। इन चौकियों के सामने से वाहन फर्राटा भरते गुजर जाते हैं। वन विभाग के कर्मचारी उन्हें रोकने या गतिसीमा में चलने के लिए कोई पहल नहीं करते।

17 को रोजगार मेला, 290 पदों पर होगी भर्ती

कांकेर/नवप्रदेश। जिला रोजगार कार्यालय कांकेर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 17 मई को प्रातः 11 से सायं 03 बजे तक किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने जानकारी दी है कि निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा 290 रिक्तियां के आधार पर भर्ती किया जायेगा, जिसमें हेल्पर के 50 पद, टेलर के 100 पद, चेकर के 50 पद, लोडर के 30 और पीकर (समान पेक) के 60 पदों पर भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में आवेदन पत्र जमा कर सकतें हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लिया जायेगा, चयन की सूचना फोन के माध्यम से आवेदक को दी जायेगी।

सावधान! अगर घरों के बाहर दिन में जलते हुए मिले बल्ब तो कट जाएगा बिजली कनेक्शन

चिरमिरी/नवप्रदेश। एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के कुरासिया में जन जागरूकता के लिए उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने पहल करते हुए लोगों से दिन के उजाले में घरों के बाहर जलते बल्ब बंद रखने की अपील की है। यदि किसी घर में दिन के वक्त बेवजह बल्ब जलता नजर आया तो बिजली कर्मचारी कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेंगे। देश में बढ़ते कोयला संकट और बिजली की कमी को देखते हुए गर्मी के दिनों में बिजली की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। गोदरी पारा में एसईसीएल की बिजली से कई जगह आटा चक्की भी चलाई जा रही है। इससे कंपनी को नुकसान पहुंच रहा है। ऐसी स्थिति में कंपनी प्रबंधन बिजली की उपयोगिता को लेकर कसावट ला रही है।

कोयले की संकट से जूझ रहा देश

इन दिनों देशभर में कोयले की कमी बनी हुई है। इससे बिजली उत्पादन को लेकर बड़ा संकट सामने है। ऐसे में कोल इंडिया के उपक्रम एसईसीएल ने अपने कर्मचारियों में बिजली की उपयोगिता को लेकर जन-जागरूकता फैलाने का काम किया है। यदि एसईसीएल आवास में रहने वाले किसी कर्मचारी या प्राइवेट व्यक्ति ने लापरवाही बरती तो एसईसीएल उस घर का बिजली कनेक्शन काट देगा। मालूम हो कि चिरमिरी क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के 12000 से ज्यादा मकान है। इसमें कुरासिया क्षेत्र में 5000 से ज्यादा मकान आते हैं। एसईसीएल हर महीने लाखों रुपए के बिजली बिल का भुगतान करती है। बिना मीटर और फ्री की बिजली होने के कारण लोग बिजली के इस्तेमाल में लापरवाही रखते हैं। कई एसईसीएल आवास में तो इलेक्ट्रिक हिटर और एसी का उपयोग किया जाता है। इससे ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है।

युकां चुनाव को लेकर युवाओं में उत्साह आज से शुरू होगी सदस्यता अभियान

सूरजपुर/नवप्रदेश। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए 3 दावेदार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव में प्रेमनगर व भटगांव विधानसभा क्षेत्र शामिल है। जिलाध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र यादव, अविनाश यादव, अभिषेक सिंह सोमू के मध्य कांटे का मुकाबला होने की उम्मीद है। वहीं शेष को क्रमवार पद दिया जाएगा। इसी तरह प्रेमनगर और भटगांव विधानसभा क्षेत्र में भी युवक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी जमकर की गई है। प्रेमनगर और भटगांव विधानसभा क्षेत्र के युवा मतदाता को 12 मई से 12 जून के मध्य ऑनलाइन सदस्यता दिलाई जाएगी। जिसमें 18 से 35 साल के युवा शामिल होंगे।

आकाओं के संपर्क में हैं युवा

युवक कांग्रेस चुनाव में उतरे युवा चेहरे अपने-अपने आकाओं के संपर्क में हैं। इस बात की उम्मीद के साथ की बड़े नेताओं के समर्थकों का वोट उनको चुनाव में मिलेगा। युकां चुनाव में कई कद्दावर नेताओं के समर्थकों के चुनावी समर में कूदने से उनकी प्रतिष्ठा अब दांव पर लग गई है। इस चुनाव में प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र से किशन सांवरे, परमेश्वर राजवाड़े, जितेन्द्र साहू, दीपक कर अपना भाग्य अध्यक्ष पद के लिए आजमा रहे हैं। साथ ही भटगांव विधानसभा क्षेत्र से विक्की समद्दार, लालजी राजवाड़े, शांतनु सिंह, सचेन्द्र पाठक अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

मेरा बूथ सबसे मजबूत पर कार्यकर्ताओं को दिया गया टिप्स

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर शक्ति केन्द्र कंकालीनपारा के अंतर्गत बूथ 94 (1) बरदेभाटा का सत्यापन एवं पन्ना प्रमुख और प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया एव जानकारी दी गई। सक्ति केन्द्र विस्तारक पंचूराम नायक ने पोलिंग बूथ को मजबूत करने के लिए अपना बूथ सबसे मजबूत कहते हुए पोलिंग बूथ समिति का विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही पन्ना प्रमुख साह प्रमुख वोटर लिस्ट के हर पेज पर बनाने का सुझाव दिया।

भाजपा का कार्य विस्तार कार्यक्रम संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। कुशाभाऊ ठाकरे कार्य विस्तार योजना के अंतर्गत कांकेर शहर मंडल के कंकालीन पारा शक्ति केंद्र के कंकालिन पारा पोलिंग बूथ में शक्ति केंद्र विस्तारक पंचुराम नायक एवं मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी बृजमोहन तिवारी एवं शक्तिकेंद्र संयोजक राकेश शर्मा सह संयोजक नीलू तिवारी एवं बूथ अध्यक्ष उत्तम यादव के उपस्थिति में बूथ सचिव एवं पोलिंग बूथ सदस्यों के साथ बैठक किया गया।

बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। युवती से बलात्कार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मुलमुला थाना का है। जानकारी के अनुसार 9 मई को पीड़िता ने थाना मुलमुला में रिपोर्ट दर्ज करायी की 20 अप्रैल की रात्रि 8 बजे आरोपी दीनदयाल कैवर्त्य घर अन्दर घुसकर जोर जबदरस्ती करते हुए बलात्कार किया कि रिपोर्ट पर धारा 450,376,506 भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण महिला संबंधी होने एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना मुलमुला पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सतत् रूप से पता तलाश किया जा रहा है।

दुर्ग रेलवे स्टेशन बनेगा विश्वस्तरीय, राज्यसभा सांसद की मांग को रेलमंत्री की हरी झंडी

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर को जल्द ही एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। दुर्ग रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण और सौदर्यीकरण शीघ्र प्रारम्भ होने जा रहा है जिससे इस शहर के वासियों को स्टेशन में न सिर्फ विश्वस्तरीय सुविधा मिलेगी बल्कि स्टेशन का स्वरुप भी बदलेगा। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने बताया कि संसद के विगत बजट सत्र में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंटकर उन्होंने दुर्ग स्टेशन के विस्तारीकरण तथा सौंदर्यीकरण करने का अनुरोध किया था, जिसे केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने तुरंत ही स्वीकार कर किया था तथा इस संबंध में विभागीय दिशा-निर्देश जारी कर दिए थे।

स्टेशन में सुविधाओं की कमी

सुश्री पांडेय ने कहा कि दुर्ग के निवासियों की यह एक बहुत पुरानी मांग थी क्योंकि शहर के विस्तार तथा आबादी के बढ़ने के साथ स्टेशन में सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही थी। साथ ही, स्टेशन के सौंदर्यीकरण की आवश्यकता भी थी क्योंकि दुर्ग स्टेशन काफी पहले निर्मित किया गया तथा और वर्तमान में इसका स्वरुप बदलने की सख्त आवश्यकता है। सुश्री पांडेय ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर शहर के निवासियों को एक सुंदर और सर्वसुविधायुक्त स्टेशन मिलेगा। साथ ही उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का धन्यवाद भी दिया कि उन्होंने दुर्ग की जनता की इस मांग का सम्मान किया तथा इसे पूर्ण करने की पहल की। ज्ञात रहे कि इसके पहले भी सुश्री सरोज पांडेय के प्रयासों से दुर्ग रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधाओं के लिए कई कार्य रेलवे द्वारा किये गए हैं। उनके प्रयासों से ही प्लेटफार्म में एस्कलेटर तथा लिफ्ट लगाया गया था। वृद्धजनों तथा निःशक्तों के लिए बैटरी ऑपरेटेड कार भी उन्होंने ही शुरू करवाई थी।

बस्तर फाईटर्स की भर्ती में पारदर्शिता बरतने कलेक्टर एसपी कर रहे अवलोकन

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर फाइटर्स के लिए जिले में 300 जवानों की भर्ती की जायेगी। इसके लिए जिले के आवेदकों का दस्तावजों का सत्यापन का का कार्य किया जा रहा है। सत्यापन के लिए खेल मैदान सिंगारभाट में 20 टेबल लगाये गये है। पुलिस अधिकारियों द्वारा उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है तथा सत्यापन पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी।

सब इंजीनियर से मारपीट कर लूटपाट करने वाले 5 गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। मंगलवार की दरमियानी रात शहर के मिनी स्टेडियम में सरकारी निर्माण कार्य में लगे पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता से मारपीट कर सोने की चैन सहित नगद पैसे को लूट कर फ रार होने वाले पांच आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पकड़ने में कामयाबी पायी है। बीती रात शहर के निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में सब इंजीनियर शासकीय निर्माण कार्य में लगे हुए थे। इसी बीच टिकरापारा मिनी स्टेडियम के कार्य में लगे लोनिवि विभाग के सब इंजीनियर से स्थानीय 5 लोगो ने मारपीट कर सोने की चैन सहित नगद रकम लूट कर फरार हो गए थे। सब इंजीनियर ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की और आरोपी सन्नी नाग पिता कृष्ण नाग 28 वर्ष, उमेश बाल्मिकी पिता भोला बाल्मिकी 27 वर्ष, शीतल नायक पिता पन्ना लाल नायक 48 वर्ष, विकास जैन पिता धनराज जैन 28 वर्ष और दिलीप को गिरफ्तार किया गया।

सौगात | कौशल्या मातृत्व योजना : सुरक्षित मातृत्व और बच्ची के लिए मजबूत पहल

द्वितीय संतान बालिका होने पर राज्य सरकार दे रही पांच हजार की सहायता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर सहायता प्रदान करने के लिए कौशल्या मातृत्व योजना चलाई जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित यह नई योजना 1 जनवरी 2022 से प्रभावशील है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में पांच हितग्राहियों को चेक प्रदान करने कौशल्या मातृत्व योजना का शुभारंभ किया। सुरक्षित मातृत्व और बच्ची के लिए यह योजना एक मजबूत पहल साबित होगी। कौशल्या मातृत्व योजना का मुख्य उद्देश्य सामाजिक आर्थिक जनगणना में पात्र महिला हितग्राही के द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर सहायता राशि प्रदान करना है, ताकि महिलाएं बच्चे के जन्म के बाद पर्याप्त विश्राम कर सके। योजना के तहत चयनित माता जिसकी द्वितीय संतान बालिका जन्म 01 जनवरी 2022 या इसके बाद हुआ हो, एकमुश्त कुल 5 हजार रुपए की राशि का लाभ दिया जा रहा है।

कन्या भ्रूण हत्या रोकने में मिलेगी मदद

योजना का लाभ मिलने से माताएं स्वयं एवं बालिका के उत्तम स्वास्थ्य के प्रति पर्याप्त ध्यान दे सकेंगी। इससे बालिका भ्रूण हत्या रोकने और बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद मिलेगी। योजना से गर्भावस्था, सुरक्षित प्रसव और स्तनपान की अवधि के दौरान उपयुक्त पद्धतियों, देखरेख एवं सेवाओं के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए माता को प्रसव पूर्व कम से कम एक बार जांच करवाना और बच्चे के जन्म का पंजीयन कराना जरूरी है। इसके साथ ही इच्छुक पात्र महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के लिए लाभार्थी स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित वचन पत्र/सहमति पत्र तथा सुसंगत दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर आंगनबाड़ी केंद्र में दे सकते है। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्धारित फार्म निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।